2. पीएमयूवाई योजना के लाभार्थी 14.2 किलो का एक सिलेण्डर न लेकर यदि 5 किलो का दो सिलेण्डर ले तो उन्हें भराने एवं रिफिल कराने में सरलता होगी। क्योंकि वे 5 किलो का सिलेण्डर कम पैसे में भरा सकते है।

सन्दर्भ ग्रन्थ–सूची :–

- Aggarwal, S., Kumar, S, & Tiwari, M. K. (2018). Decision support system for Pradhan Mantri ujjwala yojana. Energy Policy, 118 (January), 455-461.https://doi.org/10.1016/j.enpo1. 2018.04.011.
- Hammeed, G., Orifan, M., Ijeoma, M. & Tijani, S. (2016). Assessment Of the Use of Liquefied Petroleum Gas (LPG) as Cooking Energy Source Among Rural Household in Badagry Area of Lagos State Technology and Sciences (ASRJETS) American Scientific Research Jindal for Engineering, 18 (1), pp (16-28). Retrieved form https:// asrjetsjournal.org/.
- Kar A, Pachauri S,Bailis R, Zerriffi H. (2019), Using Sales Date TO Assess Cooking Gas Adoption and the Impact of India`s Ujjwala Programme in Rural Karnatak Nature Energy 4 (9) pp (806-814).
- Nanda, B.C., (2019). Pradhan Mantri Ujjwala Yojana as a tool of women empowerment:An assessment. Mahila Pratishtha, 4 (4), 231-241.
- Sahoo K, Manoj, Patel Palak and Patel, Rootu: Grassroots Energy security for india's poor and women empowerment: An assessment fo Pradhan Mantri Ujjawala Yojana. ISSN 2231-0924 Volume 8, No. 2 July-December 2018, pp-18-27.
- Sharma, Ashutosh and Singh, Chandraeshkar. "Transition to LPG for cooking. A case Study from two states of India "Energy for sustainable development , volume 51, sugguest 2019, page (63-72).
- Singh S. & Dixit P. (2019) "Impact of household air pollution exposure on rural India". A Systematic review, environment conservation Journal 20 (1 & 2) pp (115-132).
- Tripathi, S.K. Pradhan Mantri Ujjwala Yojana (PMUY): Women Empowerment in India EI SSUL 3. SEr. II (March-2019, pp-81-83). https://doi.org/10.9790/487x-2103028163.

वाद्यों में वाद्य प्रचलित अवनध्द वाद्य 'तबला'

प्रो0 मीना सिंह

संगीत विभाग
पी0जी0 कॉलेज, गाजीपुर

शैल गुप्ता

शोध छात्रा
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर

भारतीय संगीत जगत में हमेशा से ही गायन, वादन, नृत्य तीनों कलाओं का समावेश **'**संगीत**'** कहलाता है।

"संगीत जगत में प्राचीनकाल से ही वाद्यों की चार श्रेणियाँ प्रचलित हैं– तत्, सुषिर, घन, अवनध्द।**"** तत् वाद्यों में सितार, वीणा, सरोद, तानपूरा**;** सुषिर वाद्यों में हारमोनियम, शहनाई, बासुरी**;** घनवाद्यों में जलतरंग, काष्ठतरंग और अवनद्ध वाद्यों में तबला, पखावज, ढोल, मृदंगम् इत्यादि वाद्य शामिल है।

भारतीय संगीत जगत में संगीत की तीनों विधाओं (गायन, वादन और नृत्य) को दो प्रमुख उप–विधाओं 'शास्त्रीय संगीत और उपशास्त्रीय संगीत' में बाँटा गया है। दोनों उप–विधाओं में आवश्यकतानुसार अलग–अलग सांगीतिक वाद्यों का प्रयोग किया जाता है। उपर्युक्त लिखित वाद्यों में कुछ वाद्य स्वर और कुछ ताल–वाद्य है। प्रमुख स्वर वाद्यों में हारमोनियम और तानपूरा तथा प्रमुख ताल वाद्यों में तबला, पखावज, मृदंगम् इत्यादि प्रचलित है किन्तु उपर्युक्त वाद्यों में प्रयोग की दृष्टि से सर्वाधिक लोकप्रिय व प्रसिद्ध वाद्य यदि कोई है तो वह है वाद्यों में वाद्य प्रचलित अवनद्ध वाद्य 'तबला'।

किन्तु मुख्य विषय–वस्तु का विस्तृत वर्णन करने से पूर्व संगीत का संक्षिप्त ज्ञान होना भी आवश्यक है। जिससे मुख्य विषय–वस्तु को भली– भाति सरलता व सहजता से समझा जा सके।

प्राचीनकाल से ही संगीत की उत्पत्ति मानी जाती है। सामवेद युग से ही संगीत धीरे–धीरे जन–मानस पटल पर अपनी छाप छोड़ने लगा था। प्राचीनकाल से मध्यकाल तक संगीत उन्नति और विकास की सीढियाँ चढ़ने लगा था। उन्नति और विकास की यह क्रिया संगीत की गायन और नृत्य विधा के साथ–साथ वाद्य की समस्त श्रेणियों में भी क्रियान्वित होने लगी थी।

उत्तर– मध्यकाल का युग संगीत का सबसे अहम युग माना जाता है क्योंकि वर्तमान समय में जो भी 'सांगीतिक सैद्धान्तिक व क्रियात्मक' सामग्री उपलब्ध है वे अधिकांशतः

उत्तर–मध्यकाल की ही देन है। वर्तमान समय में जो भी रागें, तालें एवं संगीत पद्धतियाँ अध्ययन स्वरूप प्रचलन में है। वे सब उत्तर–मध्यकाल द्वारा ही, प्रदान की गयी 'अमूल्य सांगीतिक निधि है'। इसके अतिरिक्त मध्यकाल ने विभिन्न वाद्यों को भी जन्म दिया है जो आज भी भारतीय संगीत में प्रचलित है। चूँकि मध्यकाल ने संगीत की अपार सेवा की इसीलिए उत्तर–मध्यकाल को संगीत का युग कहा जाता है। मध्यकाल द्वारा प्रदान की गयी अमूल्य निधि सदा ही सांगीतिक प्रेमियों को लाभान्वित करती रहेंगी।

भारतीय संगीत जगत में संगीत की तीनों विधाओं (गायन, वादन और नृत्य) को दो प्रमुख उप–विधाओं 'शास्त्रीय संगीत और उपशास्त्रीय संगीत' में बाँटा गया है। दोनों उप–विधाओं में आवश्यकतानुसार अलग–अलग सांगीतिक वाद्यों का प्रयोग किया जाता है।

अवनद्ध श्रेणी के जितने भी वाद्य है यद्यपि वह पखावज, मृदंगम्, ढोलक या नाल हो, इन सभी अवनद्ध वाद्यों में तबला अपनी माधुर्य ध्वनि के कारण सभी अवनद्ध वाद्यों में सर्वोच्च स्थान को धारण किए हुए है।

प्राचीनकाल से ही संगीत की उत्पत्ति हो चुकी थी और प्राचीनकाल से वर्तमान काल तक संगीत का सफर प्रगतिशील रहा है न सिर्फ संगीत की मात्र एक विधा अपितु संगीत की सभी विधाएँ प्रगति पथ प्रदर्शक रही है और भविष्य में भी अर्थात् आगामी दिनों में भी संगीत की तीनों विधाएँ व उससे सम्बन्धित प्रत्येक क्षेत्र, प्रगति–पथ–प्रदर्शक व उन्नतिशील ही रहेंगी। संगीत की सभी विधाएँ लोकप्रिय है और अपनी–अपनी विशिष्टताओं के कारण जन–मानस पटल पर विराजमान भी है किन्तु यदि विधाओं को लोकप्रियता का श्रेणी–क्रम प्रदान किया जाए तो गायन विधा सर्वोच्च स्थान पर, वादन–विधा द्वितीय तथा नृत्य विधा तृतीय स्थान को धारण किए हुए है। इस प्रकार लोकप्रियता के आधार पर क्रमशः गायन, वादन तथा नृत्य को श्रेणी क्रम प्रदान है।

यद्यपि गायन–विधा सर्वोच्च लोकप्रियता को धारण किए हुए हैं किन्तु वादन विधा के अन्तर्गत वाद्यों में वाद्य प्रचलित अवनद्ध वाद्य 'तबला' भी अपनी लोकप्रियता का पंचम वर्तमान समय में लहरा रहा है। यद्यपि वादन विधा में तत्, सुषिर, घन, अवनद्ध वाद्य शामिल है किन्तु सभी श्रेणी के वाद्यों में अवनद्ध श्रेणी का वाद्य 'तबला' सर्वोपरि है।

"तबले की उत्पत्ति के सम्बन्ध में विभिन्न विद्वानों ने अपने अलग–अलग मत प्रस्तुत किए हैं। भारतीय संगीत जगत में खुसरो खा, अमीर खुसरो और उस्ताद सिद्धार खाँ नाम के उच्चकोटि के संगीतज्ञ थे। कुछ संगीतज्ञों अर्थात् सांगीतिक विद्वानों के अनुसार खुसरो खाँ तबले के जन्मदाता माने गए है तो कुछ विद्वानों ने उस्ताद सिद्धार खाँ को तबले का जन्मदाता बताया है किन्तु

अधिकांश विद्वानों के अनुसार सर्वसम्मति से 'अमीर खुसरो' को तबले का जन्मदाता माना जाता है। इस प्रकार तबले के जन्मदाता अमीर खुसरो है।"

आज के इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में विभिन्न वाद्यों में तबला नामक अवनद्ध वाद्य अपना एक अलग स्थान बनाए हुए है। अवनद्ध श्रेणी के जितने भी वाद्य है यद्यपि वह पखावज, मृदंगम्, ढोलक या नाल हो, इन सभी अवनद्ध वाद्यों में तबला अपनी माधुर्य ध्वनि के कारण सभी अवनद्ध वाद्यों में सर्वोच्च स्थान को धारण किए हुए है। अपनी ध्वनि विशिष्टता के कारण ही तबला न सिर्फ सभी अवनद्ध वाद्यों में अपितु सभी श्रेणी के वाद्यों में सर्वोपरि है। इसका कारण यह है कि तबला एक ऐसा वाद्य है जो संगत की दृष्टि से सर्वाधिक प्रयोग किया जाता है अर्थात् गायन के क्षेत्र में संगत की दृष्टि से तबला सर्वाधिक प्रयोग किया जाने वाला वाद्य है। जो स्थान संगत के क्षेत्र में तबले को प्राप्त है वहीं स्थान प्राचीन काल से मध्य काल तक मृदंग (पखावज) को प्राप्त था। इसका मुख्य कारण ध्रुपद, धमार गायकी का प्रचार–प्रसार था।

प्राचीन काल (आदिकाल–800 ई. तक) से मध्यकाल (800 ई. से 1800 ई. तक) तक ध्रुपद और धमार गायकी के साथ संगत के दृष्टिकोण से मृदंग (पखावज) वादन को सर्वोत्तम माना जाता था किन्तु जब भारत पर मुस्लिम संस्कृति का प्रचार–प्रसार हुआ, फलस्वरूप ख्याल गायकी की परम्परा शुरू हुई। जिसके परिणामस्वरूप संगत के दृष्टिकोण से 'तबला अवनद्ध वाद्य' प्रचार में आया। जैसे–जैसे समय परिवर्तित होता गया, समय परिवर्तन के साथ–साथ ख्याल, टप्पा, ठुमरी, गज़ल, भजन आदि श्रृंगारिक गायन शैलियों का प्रचार–प्रसार बढ़ा और इस प्रकार की श्रृंगारिक गायन शैलियों के साथ गंभीर नाद युक्त मृदंग का संगत अनुपयुक्त था जिसके परिणामस्वरूप तबला वाद्य अपनी मधुर ध्वनि विशिष्टता के कारण उभर कर आया और तबले का संगत के रूप में प्रयोग किया जाने लगा। तबले पर मृदंग के खुले तथा जोरदार बोलों के साथ–साथ, ढोलक के समान मींडयुक्त व बन्द बोलों का निकास सरलता व सहजता से सम्भव हो पाया। इस प्रकार एक साथ कई अवनद्ध वाद्यों (मृदंग, नाल, ढोलक) के बोलों का निकास एक मात्र तबला पर सम्भव हो पाया। इसीलिए 'तबला' संगत के लिए अधिक उपयोगी सिद्ध माना जाने लगा।

इस प्रकार बोलों के सरल निकास, मिठास तथा विभिन्न लयकारियों के सुन्दर वादन के कारण तबले ने विभिन्न वाद्यों में 'शीर्षस्थ (शीर्ष–स्थान)' प्राप्त कर लिया।

न सिर्फ गायन के शास्त्रीय पक्ष में अपितु उपशास्त्रीय पक्ष– लोक संगीत, फिल्मी–संगीत में भी तबला प्रयोग किया जाने लगा।

लोक–संगीत और फिल्मी संगीत में ढोलक, नाल, आर्गन, हारमोनियम, पैड, तबला, गिटार आदि वाद्यों का प्रयोग किया जाता है किन्तु उपर्युक्त सभी वाद्यों में तबले को छोड़कर शेष सभी

वाद्य लोक संगीत के ही वाद्य है जबकि तबला लोक–संगीत और शास्त्रीय दोनों ही श्रेणी का वाद्य है। इसका प्रमुख कारण तबले पर निकलने वाली उसकी मधुर ध्वनि ही है। जबकि तबले को छोड़कर अन्य किसी भी वाद्य को शास्त्रीय संगीत में स्थान प्राप्त नहीं है। सिर्फ लोक–संगीत में ही उनका उपयोग किया जाता है।

गायन अथवा गीत के साथ अन्य वाद्य भी संगत के रूप में प्रयोग किए जाते है किन्तु तबला वाद्य के अतिरिक्त अन्य कोई भी वाद्य यदि संगत के रूप में उपलब्ध ना हो तो एकमात्र तबला ही अपनी माधुर्य ध्वनि से संगत के रूप में प्रयुक्त होकर, उस गीत की रसानुभूति को द्विगुणित कर, उसे माधुर्य बनाता है। यही कारण है कि तबला समस्त वाद्यों में सर्वोपरि वाद्य है। तबला न सिर्फ गायन के साथ अपितु नृत्य व अन्य वाद्यों के साथ भी संगत व जुगलबन्दी के माध्यम से अधिक उपयोगी हैं। गायन की भाति नृत्य व वाद्यों में भी अपनी माधुर्य ध्वनि से उनके रसास्वादन को द्विगुणित करता है।

तबला गायन विधा में अपनी अहम भूमिका अदा करने के साथ–साथ नृत्य विधा में भी अपनी अहम भूमिका निभाता है। विशेषकर कथक नृत्य, तबले के अभाव में अपूर्ण है। तबला संगत के अभाव में कथक नृत्य प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकती है। तबला संगत के अभाव में कथक नृत्य शत–प्रतिशत अधूरा है अर्थात् तबले का संगत कथक के लिए अत्यन्त उपयोगी है।

इस प्रकार तबले का संगत न सिर्फ विभिन्न प्रकार की गायन–शैलियों के साथ अपितु गायन, वादन तथा नृत्य तीनों विधाओं के साथ किया जाता है। एक तबला संगतकार अपने संगत से तीनों विधाओं में स्थायित्व प्रदान करता है। भाव–निष्पत्ति में अपना योगदान प्रदान करता है और साथ ही साथ श्रोताओं को आनन्द की अनुभूति भी प्रदान करता है।

आज के वर्तमान युग में तबले का उपयोग गायन, वादन, नृत्य, लोक–संगीत, फिल्मी–संगीत, सोलो वादन आदि में खूब किया जा रहा है। प्रयोग दृष्टि के आधार पर ही इसकी लोकप्रियता बढ़ी है। जिसके परिणामस्वरूप यह सभी वाद्यों में अत्यधिक प्रचलित हो गया है। अतः तबले के सम्बन्ध में यह कहना अनुचित नहीं होगा कि 'तबला' वाद्यों में वाद्य प्रचलित अवनद्ध वाद्य है।

तबले का प्रचलन इतना अधिक है कि न सिर्फ भारत में अपितु पाश्चात्य देशों में भी तबले का अधिक प्रचार–प्रसार है। जाकिर हुसैन, स्वप्न चौधरी, नयन घोष आदि उच्च कोटि के तबला वादकों ने अपने उत्कृष्ठ व माधुर्य वादन से कई विदेशी दिलों को आकर्षित किया और तबले की माधुर्य ध्वनि ने उन्हें तबला सीखने के लिए मजबूर कर दिया। विदेशों में भी जेम्स किप्पन और जैराल्ड खुर्जियान आदि उत्कृष्ट तबला वादक मौजूद है। इस प्रकार तबला न सिर्फ भारत में अपितु पाश्चात्य देशों में भी लोकप्रिय है।

"आधुनिक काल में गायन–वादन तथा नृत्य की संगति में तबले का प्रयोग होता है। किन्तु कुछ समय पूर्व से तबले का स्वतन्त्र वादन भी अधिक लोकप्रिय होता जा रहा है।"

(राग परिचय –भाग–1, पृष्ठ –147)

जिसके परिणामस्वरूप लोगों ने तबले की शिक्षा ग्रहण करने हेतु 'भातखण्डे संगीत संस्थान', 'खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय' जैसी शिक्षण–संस्थाओं में प्रवेश लेना प्रारम्भ कर दिया। फलस्वरूप संगीत के क्षेत्र में कई सोलो तबला वादकों की भी उत्पत्ति हुई। इस प्रकार न सिर्फ संगत के क्षेत्र में अपितु सोलो वादन के क्षेत्र में भी तबले का अधिक महत्व है। आज के वर्तमान युग में हजारों स्त्री–पुरुष विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में स्वतन्त्र तबला–वादन सीख रहे हैं। संगीत की विभिन्न विधाओं के साथ–साथ तबले के क्षेत्र में भी शोध कार्य किए जा रहे हैं। तबलें पर कई पुस्तकें जैसे अरविन्द मुलगावकर कृत 'तबला'; डॉ जमुना प्रसाद पटेल कृत 'तबलें की बंदिशें और विस्तार विधि' आदि कई पुस्तकें लिखी जा रही है। इतना ही नहीं तबला वादन कला रोजगार अवसर का माध्यम भी बना हुआ हैं।"

"तबले की महत्ता और लोकप्रियता के परिणामस्वरूप ही तबले के कुल छः घराने दिल्ली, अजराड़ा, लखनऊ, फर्रुखाबाद, बनारस, पंजाब और तबले के वर्णों व विभिन्न बंदिशों–पेशकार, कायदा, रेला, टुकड़ा, परन आदि का प्रादुर्भाव हुआ।"

वर्तमान समय में तबले का प्रचलन इतना अधिक बढ़ चुका है कि तबले का न सिर्फ पारम्परिक रूप अपितु तबले का इलेक्ट्रॉनिक स्वरूप भी लोगों द्वारा प्रयोग किया जा रहा है।

शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा व नवीन उपलब्धियों के लिए निरन्तर खोज जारी रहती है जिसके परिणामस्वरूप हमें नवीन तथ्यों की प्राप्ति होती है उसी खोज और अनुसंधान के परिणामस्वरूप वाद्यों के क्षेत्र में भी कुछ नवीन परिवर्तन हो रहे है जिसके फलस्वरूप वाद्यों का इलेक्ट्रॉनिक स्वरूप समक्ष प्रस्तुत हुआ। जिस प्रकार 'मूल–वाद्य–यंत्र' जन–मानस पटल पर विराजमान है अर्थात् लोकप्रिय है। उसी प्रकार वर्तमान समय में इलेक्ट्रॉनिक तबला भी **'जिसे हैन्ड सोनिक के नाम से जाना जाता है'** लोगों द्वारा खूब प्रयोग किया जा रहा है। इस प्रकार तबले का न सिर्फ पारम्परिक रूप अपितु इलेक्ट्रॉनिक रूप भी जन–मानस द्वारा खूब प्रयोग किया जा रहा है।

अन्ततः उपर्युक्त वर्णन के आधार पर तबले की लोक –प्रियता वास्तविक रूप में सिद्ध होती है कि वास्तव में 'तबला' वाद्यों में वाद्य प्रचलित अवनद्ध वाद्य है।

सन्दर्भ ग्रन्थ–सूची :–

पुस्तक का नाम	लेखक	संस्करण	पृष्ठसंख्या
(1) राग परिचय (भाग–1)	हरिशचन्द्र श्री0	संस्करण–2018	पृष्ठ–147
(2) ताल परिचय (भाग–2)	गिरीशचन्द्र श्री0	संस्करण–2010	पृष्ठ–18–19
(3) ताल परिचय (भाग–4)	गिरीशचन्द्र श्री0	पंचम संस्करण, 2013	पृष्ठ–152
(4) भारतीय कंठ संगीत और वाद्य संगीत(गायन–वादन सुमेल)	डॉ0 अरूण मिश्रा	.....	पृष्ठ 48, 67–70
(5) संगीत विशारद	वसंत तैतीसवा	संस्करण, अक्टूबर 2020	पृष्ठ 358–359
(6) ताल वाद्य शस्त्र	मनोहर भालचन्द्र राव मराठे	.....	पृष्ठ–124
(7) ताल सर्वांग	विद्यानाथ सिंह	.....	पृष्ठ–32
(8) भारतीय संगीत वाद्य	डॉ0 लालमणि मिश्रा	.....	.....
(9) तालकोश	गिरीशचन्द्र श्री0	.....	.....
(10) गूगल, विकीपिडिया			

आधुनिक युग में अंकीय विपणन, रणनीतियाँ एवं इसकी समस्याएँ

डॉ० राजेन्द्र कुमार मिश्र
(एसोसिएट प्रोफेसर)

शोध निर्देशक
वाणिज्य विभाग
नेहरू ग्राम भारती (मानित विश्वविद्यालय), प्रयागराज

संदीप कुमार तिवारी

शोधकर्त्ता
वाणिज्य विभाग
नेहरू ग्राम भारती (मानित विश्वविद्यालय), प्रयागराज

सार

दुनिया एनालॉग से डिजिटल में बदल रही है और विपणन कोई अपवाद नहीं है। भारत में अंकीय विपणन का तेजी से विस्तार हो रहा है। जैसे–जैसे प्रौद्योगिकी विकास बढ़ रहा है, अंकीय विपणन, सोशल मीडिया मार्केटिंग, सर्च इंजन मार्केटिंग का उपयोग भी बढ़ रहा है। कई भारतीय कंपनियां प्रतिस्पर्धी नेतृत्व के लिए डिजिटल मार्केटिंग का उपयोग कर रही हैं। इंटरनेट उपयोगकर्ता तेजी से बढ़ रहे हैं और अंकीय विपणन ने सबसे अधिक लाभ कमाया है क्योंकि यह मुख्य रूप से इंटरनेट पर निर्भर करता है। व्यापार और निजी उपयोग दोनों के लिए इंटरनेट के व्यापक समावेश ने विज्ञापन और विपणन गतिविधियों के लिए कई नए चैनल उत्पन्न किए हैं। उपभोक्ता का खरीद व्यवहार बदल रहा है और वे पारंपरिक विपणन के बजाय अंकीय विपणन की ओर अधिक झुकाव रखते हैं। यह पेपर अंकीय विपणन के परिचय के साथ शुरू होता है और फिर यह अंकीय विपणन के माध्यमों, पारंपरिक और अंकीय विपणन के बीच अन्तर और आज के युग में अंकीय विपणन के पेशेवरों, विपक्षों और महत्व पर प्रकाश डालता है।

की–वर्ड : अंकीय विपणन; डिजिटल मीडिया; विपणन; प्रचार; डिजिटल विज्ञापन

परिचय

आधुनिक युग डिजिटल क्रान्ति का युग है। मनुष्य विकल्पों की तलाश करते हुए विपणन की दुनिया में इतना आगे निकल चुका है जहाँ असीम सम्भावनाएँ नजर आती हैं। साथ ही साथ विपणन के क्षेत्र अत्यधिक विकल्प उपलब्ध हो चुका है। वैश्विक अर्थव्यवस्था सुदृढ़ करने में विपणन महती भूमिका अदा करता है।

विपणन उन कदमों को संदर्भित करता है जो कंपनी किसी भी उत्पाद या सेवाओं की खरीद को बढ़ावा देने के लिए उठाती है। कंपनी विपणन की मदद से अपने उत्पादों या सेवाओं के लिए ग्राहकों या उपभोक्ताओं की तलाश करती है। डिजिटल मार्केटिंग डिजिटल रूप में किसी भी उत्पाद या सेवा के विपणन को संदर्भित करता है। उदाहरण के लिए, स्मार्टफोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, टैबलेट या किसी अन्य डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके विपणन। डिजिटल मार्केटिंग डायरेक्ट मार्केटिंग का एक रूप है जो उपभोक्ताओं को ईमेल, वेबसाइट, ऑनलाइन फ़ोरम और समाचार समूह, इंटरैक्टिव टेलीविज़न, मोबाइल संचार आदि जैसी इंटरैक्टिव तकनीकों का उपयोग करके इलेक्ट्रॉनिक रूप से विक्रेताओं के साथ जोड़ता है।

डिजिटल मार्केटिंग शब्द पहली बार 1990 के दशक में गढ़ा गया था। डिजिटल मार्केटिंग को **ऑनलाइन मार्केटिंग**, **इंटरनेट मार्केटिंग**, या **वेब मार्केटिंग** के रूप में भी जाना जाता है। इसे **इंटरनेट मार्केटिंग** के रूप में जाना जाता है क्योंकि इंटरनेट के उदय के साथ डिजिटल मार्केटिंग की उच्च वृद्धि भी है। डिजिटल मार्केटिंग का प्रमुख लाभ यह है कि विपणक अपने उत्पादों या सेवाओं को 24 घंटे और 365 दिनों, कम लागत, दक्षता लाभ, ग्राहक को अधिक खरीद के लिए प्रेरित करने और ग्राहक सेवाओं में सुधार करने के लिए बेच सकते हैं। यह कनेक्टिविटी की अत्यधिक डिग्री के कारण कई संचारों में मदद करता है और आम तौर पर सेवाओं या उत्पादों को समय पर, प्रासंगिक, गैर–सार्वजनिक और लागत–शक्तिशाली तरीके से बेचने के लिए पूरा होता है।

2005 में, लगभग 1.1 बिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ता थे, जिसमें उस समय की आबादी का 16.6 प्रतिशत शामिल था। 2020 में, इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या लगभग 4.8 बिलियन है और प्रतिशत जनसंख्या बढ़कर 62 प्रतिशत हो गई है। और डिजिटल मार्केटिंग और इंटरनेट के बीच सीधा संबंध है। भारत और चीन जैसे देशों में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या सबसे अधिक है इसलिए उनके पास एक शानदार अवसर है।

डिजिटल मार्केटिंग के विभिन्न चैनल

डिजिटल मार्केटिंग में विभिन्न चैनल होते हैं जो विपणक द्वारा अपने उत्पादों या सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए उपयोग किए जाने वाले माध्यम होते हैं। एक विज्ञापनदाता के रूप में, मुख्य उद्देश्य उस चैनल का चयन करना है जो संचार के लिए सबसे अच्छा है और निवेश पर अधिकतम रिटर्न देता है। महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग चैनलों की सूची नीचे दी गई है:

सामाजिक मीडिया विपणन

वर्तमान युग में, सोशल मीडिया मार्केटिंग डिजिटल मार्केटिंग में सबसे महत्वपूर्ण मीडिया में से एक है। यह सबसे तेजी से बढ़ने वाला डिजिटल चैनल है। सोशल मीडिया मार्केटिंग सोशल मीडिया साइटों के माध्यम से ट्रैफ़िक या साइटों को प्राप्त करने की प्रक्रिया है। नील पटेल के

अनुसार, सोशल मीडिया मार्केटिंग सामग्री बनाने की प्रक्रिया है जिसे आपने उपयोगकर्ता जुड़ाव और साझाकरण को चलाने के लिए प्रत्येक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के संदर्भ के अनुरूप बनाया है। जनसंख्या के हिसाब से इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 15 वर्षों में 16.6 से बढ़कर 62 प्रतिशत हो गई है और इसमें सोशल मीडिया मार्केटिंग को सबसे अधिक लाभ हुआ है।

अंकीय विपणन, सोशल मीडिया मार्केटिंग, सर्च इंजन मार्केटिंग का उपयोग भी बढ़ रहा है। भारतीय कंपनियां प्रतिस्पर्धी नेतृत्व के लिए डिजिटल मार्केटिंग का उपयोग कर रही हैं।

व्यापार और निजी उपयोग दोनों के लिए इंटरनेट के व्यापक समावेश ने विज्ञापन और विपणन गतिविधियों के लिए कई नए चैनल उत्पन्न किए हैं। उपभोक्ता का खरीद व्यवहार बदल रहा है और वे पारंपरिक विपणन के बजाय अंकीय विपणन की ओर अधिक झुकाव रखते हैं।

इस प्रकार की मार्केटिंग रणनीति में, सोशल मीडिया आउटलेट्स जैसे

Facebook,Twitter, Google+, Pinterest और Instagram की मदद से व्यवसाय को बढ़ावा दिया जाता है। यह प्रत्येक साइट पर व्यवसाय के लिए एक समर्पित पृष्ठ बनाकर काम करता है और ऐसी सामग्री विकसित करता है जो अनुयायियों को आकर्षित करती है जो अंततः भुगतान करने वाले ग्राहकों में परिवर्तित हो जाती है।

एफिलेट मार्केटिंग

इस प्रकार का विपणन उन व्यवसायों का उपयोग करता है जो अपनी वेबसाइटों पर अपने उत्पादों/सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तियों या कंपनियों को भुगतान कर रहे हैं। इस प्रकार के विपणन में आमतौर पर किसी अन्य साइट पर एक बैनर विज्ञापन डालना शामिल होता है, जिसमें मेजबानों को ग्राहकों की संख्या के आधार पर भुगतान किया जाता है जो किसी विशेष विज्ञापन पर क्लिक करते हैं और खरीदारी ऑनलाइन करते हैं।

दृश्य विज्ञापन

यह ऑनलाइन विज्ञापन माध्यमों के सबसे सामान्य प्रकारों में से एक है। यह सहबद्ध विपणन के समान है जहां व्यापार के उत्पादों/सेवाओं में रुचि रखने वाले आगंतुकों के लिए बैनर विज्ञापन अन्य वेबसाइटों पर रखे जाते हैं। प्रदर्शन विज्ञापन निश्चित सीमा में हो सकते हैं और इसमें वीडियो और ऑडियो शामिल हो सकते हैं।

ई–मेल विपणन

ईमेल मार्केटिंग डायरेक्ट मेल का एक ऑनलाइन संस्करण है। इसमें ग्राहक को हैंडआउट या विज्ञापन भेजने के बजाय, यह एक फॉर्म प्रकार प्रदर्शित करता है जो व्यवसायों को ईमेल की मदद से समान जानकारी या उससे भी अधिक जानकारी भेजने की अनुमति देता है। इस प्रकार

के विपणन में व्यापार कूपन, समाचार पत्र, विशेष आयोजनों के निमंत्रण और सर्वेक्षण शामिल होंगे।

इनबाउंड विपणन

इस प्रकार की मार्केटिंग में नए ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए ब्लॉग, सोशल मीडिया और पॉडकास्ट जैसी ऑनलाइन सामग्री का उपयोग किया जाता है। इस रणनीति का विचार यह है कि यह व्यवसायों के इर्द–गिर्द घूमती है जो अपनी स्वयं की सामग्री बनाते हैं जो दुकानदारों का ध्यान आकर्षित करती है। एक बार प्रवेश करने के बाद, व्यवसाय प्रत्येक आगंतुक की आवश्यकताओं के अनुसार अपना संदेश बनाना शुरू कर सकते हैं।

भुगतान–प्रति–क्लिक विज्ञापन

इसे सर्च इंजन मार्केटिंग के रूप में जाना जाता है, जो विज्ञापन है जिसमें व्यवसाय Google और Yahoo जैसी खोज इंजन वेबसाइटों पर विज्ञापन देते हैं। इन विज्ञापनों को विशेष शीर्ष या साइड पैनल में रखा जाता है जो सशुल्क विज्ञापनों के लिए अलग किए जाते हैं। यह देखा गया है कि कई खोज इंजन व्यवसायों को अपने पृष्ठों पर विज्ञापन स्थान पर बोली लगाने का अवसर प्रदान करते हैं। इसमें वह व्यवसाय स्थान प्राप्त करता है जो प्रत्येक बार किसी इंटरनेट उपयोगकर्ता द्वारा विज्ञापन पर क्लिक करने पर अधिकतम भुगतान करने को तैयार होता है।

सर्च इंजन अनुकूलन (SCO)

यह विज्ञापन का एक निःशुल्क रूप है जिसे सर्च इंजन पर व्यवसायों की रैंकिंग बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह देखा गया है कि, व्यवसाय की रैंकिंग जितनी अधिक होती है, इंटरनेट उपयोगकर्ता द्वारा व्यवसाय या उससे मिलती–जुलती किसी चीज़ की खोज करने पर परिणामों को शीर्ष पर प्रदर्शित करने की संभावना अधिक होती है।

अंकीय विपणन का महत्व

उपरोक्त के आधार पर डिजिटल मार्केटिंग के महत्व का सारांश जो प्रत्येक विपणक को अपनाना चाहिए उसे निम्नलिखित ढंग से वर्णित किया जा सकता है –

- इंटरनेट मार्केटिंग किसी भी ऑफ़लाइन मार्केटिंग तकनीकों की तुलना में अंतहीन रूप से अधिक मॉडरेट है। यह व्यापक दर्शकों तक आसानी से पहुँच सकता है।
- डिजिटल मार्केटिंग में विभिन्न ट्रैकिंग सॉफ्टवेयर की मदद से परिणामों का आसानी से पालन और निगरानी की जा सकती है। महँगे ग्राहक अनुसंधान का नेतृत्व करने के बजाय, संगठन तेजी से ग्राहक प्रतिक्रिया दर देख सकते हैंऔर अपने प्रचार प्रयासों की

उपलब्धि को लगातार माप सकते हैं, जिससे उन्हें अगले एक के लिए और अधिक पर्याप्त रूप से डिजाइन करने में मदद मिलती है।

- टीवी, रेडियो या बिलबोर्ड जैसे पारंपरिक मार्केटिंग माध्यमों की तुलना में ग्राहकों से प्रतिक्रिया एकत्र करना आसान है। वे ऑनलाइन मार्केटिंग में एक वेबसाइट का उपयोग करके आसानी से किसी भी उत्पाद पर प्रतिक्रिया दे सकते हैं जो एक व्यवसायी को अपने विशिष्ट डोमेन में खुद को फिर से डिज़ाइन करने में मदद करता है।
- यह वेब या पोर्टेबल जैसे ऑनलाइन माध्यम से एक व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद करता है और बाद में एक सेकंड में बड़ी संख्या में ग्राहकों तक पहुंचता है। कई छोटे और बड़े संगठन विश्व स्तर पर खुद को अंडरराइट करने के लिए वेब–आधारित शोकेसिंग के तरीकों का पालन कर रहे हैं।
- डिजिटल विज्ञापनदाता चीजों की जांच करते हैं जैसे कि क्या देखा जा रहा है, कितनी बार और कितनी देर तक, कौन सा पदार्थ काम करता है और क्या काम नहीं करता है, और भी इसी तरह देखता है जबकि इंटरनेट शायद सबसे मजबूती से डिजिटल मार्केटिंग से जुड़ा चैनल है, अन्य में दूरस्थ सामग्री सूचना, पोर्टेबल एप्लिकेशन, उन्नत टीवी और रेडियो चैनल शामिल हैं।
- डिजिटल मार्केटिंग मध्यम, लक्षित और मात्रात्मक है और इस प्रकार संगठन इसे करते हैं और विज्ञापनदाता इसे पसंद करते हैं।

अंकीय विपणन की समस्याएं

आज डिजिटल क्रान्ति के युग में हमें अपनी एक आँख धन प्रबन्धन तथा दूसरी विपणन एवं अर्थव्यवस्था पर रखनी चाहिए। इस युग को प्रतियोगिता का युग भी कहा जा सकता है क्योंकि हमारे पास विकल्प के रूप में एक ही उत्पाद के अनेकों इकाइयाँ उपलब्ध होती हैं। यदि किसी उत्पाद का विपणन करना है तो सर्वप्रथम हमें बाजार के स्वरूप का अध्ययन करना आवश्यक हो जाता है। यदि हम उत्पाद से सम्बन्धित बाजार का अध्ययन किए बिना विपणन प्रारम्भ करते हैं तो हमें अनेकों कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आज हमारे पास विपणन के अनेकों विकल्प एवं प्लेटफार्म उपलब्ध हैं। ई–विपणन एवं अंकीय विपणन तेजी से पूरे बाजार पर अपना प्रभाव स्थापित कर चुका है जो लोगों को उनकी पसन्द की सेवाएँ एवं उत्पाद आसानी से उपलब्ध करवा रहा है और लोगों को सन्तुष्ट कर रहा है।

उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल मार्केटिंग का उपयोग करने के कई फायदे हैं फिर भी एक डिजिटल मार्केटर को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कठिनाइयाँ इस प्रकार हैंः

- उपभोक्ता विभिन्न डिजिटल उपकरणों और विभिन्न डिजिटल चैनलों का उपयोग करते हैं और उन उपकरणों में विभिन्न डिजिटल चैनल होते हैं जो डिजिटल चैनलों के प्रसार की ओर ले जाते हैं। और विपणक को माध्यम और दर्शक चुनने में कठिनाई होती है।
- पारंपरिक मार्केटिंग की तुलना में डिजिटल मार्केटिंग बेहद सस्ती है और यह हर छोटे व्यवसाय को कवर करती है जिससे तीव्र प्रतिस्पर्धा होती है।
- उपभोक्ता जब भी चैनल पर जाते हैं तो डिजिटल चैनलों में भारी मात्रा में डेटा छोड़ जाते हैं। इस तरह के डेटा को समझना आश्चर्यजनक रूप से कठिन है, साथ ही विस्फोटक डेटा वॉल्यूम के अंदर सही डेटा का पता लगाएं जो आपको सही विकल्प बनाने में मदद कर सकता है।

अंकीय विपणन के विभिन्न घटक और रणनीतियाँ

आधुनिक व्यापार रणनीति के लिए इंटरनेट के महत्व को माइकल पोर्टर (2001) द्वारा रेखांकित किया गया था, जिन्होंने प्रसिद्ध रूप से कहा था–

मुख्य सवाल यह नहीं है कि इंटरनेट प्रौद्योगिकी को तैनात करना है या नहीं – कंपनियों के पास कोई विकल्प नहीं है यदि वे प्रतिस्पर्धी रहना चाहते हैं – लेकिन इसे कैसे तैनात किया जाए।

एक संगठन की ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए लगातार दिशा प्रदान करने के लिए एक डिजिटल मार्केटिंग रणनीति की आवश्यकता होती है ताकि वे इसकी अन्य विपणन गतिविधियों के साथ एकीकृत हों और इसके समग्र व्यावसायिक उद्देश्यों का समर्थन करें। डिजिटल मार्केटिंग रणनीति में पारंपरिक विपणन रणनीतियों के विशिष्ट उद्देश्यों के लिए कई समानताएं हैं, जिसमें यह होगा–

- डिजिटल मार्केटिंग गतिविधियों के लिए भविष्य की दिशा प्रदान करना;
- रणनीति को सूचित करने के लिए संगठन के बाहरी वातावरण, आंतरिक संसाधनों और क्षमताओं का विश्लेषण शामिल है;
- डिजिटल मार्केटिंग उद्देश्यों को परिभाषित करें जो विपणन उद्देश्यों का समर्थन करते हैं;
- डिजिटल विपणन उद्देश्यों को प्राप्त करने और स्थायी अंतर प्रतिस्पर्धी लाभ बनाने के लिए रणनीतिक विकल्पों का चयन शामिल है;
- विशिष्ट विपणन रणनीति विकल्पों जैसे लक्ष्य बाजार, स्थिति और विपणन मिश्रण के विनिर्देश को संबोधित करने के लिए रणनीति तैयार करना शामिल है;
- यह पहचानने में मदद करें कि किन रणनीतियों को आगे नहीं बढ़ाना है और कौन सी विपणन रणनीति लागू करने में सक्षम नहीं हैं;

- निर्दिष्ट करें कि संसाधनों को कैसे तैनात किया जाएगा और रणनीति को प्राप्त करने के लिए संगठन को कैसे संरचित किया जाएगा।

एक चैनल विपणन रणनीति के रूप में डिजिटल विपणन रणनीति

डिजिटल मार्केटिंग रणनीति मुख्य रूप से एक चैनल मार्केटिंग रणनीति है जो परिभाषित करती है कि किसी कंपनी को चैनल–विशिष्ट उद्देश्यों को कैसे निर्धारित करना चाहिए और चैनल की विशेषताओं और अंतिम उपयोगकर्ता आवश्यकताओं के अनुरूप एक अंतर चैनल प्रस्ताव और चैनल–विशिष्ट संचार विकसित करना चाहिए।

ध्यान दें कि डिजिटल चैनल रणनीति के दो घटक हैं – कई इसे केवल डिजिटल संचार रणनीति के रूप में देख सकते हैं, लेकिन इसे उत्पाद, मूल्य निर्धारण, स्थान, प्रचार और ग्राहक सेवा में परिवर्तन सहित डिजिटल चैनल द्वारा सक्षम प्रस्ताव में परिवर्तन को भी परिभाषित करना चाहिए।

डिजिटल रणनीति अन्य संचार चैनलों के सापेक्ष डिजिटल चैनलों के रणनीतिक महत्व को निर्धारित करती है जिनका उपयोग विभिन्न ग्राहक टचपॉइंट पर ग्राहकों के साथ सीधे संवाद करने के लिए किया जाता है। कुछ संगठन, जैसे कि कम लागत वाली एयरलाइंस, सेवाओं को वितरित करने और ग्राहकों के साथ संवाद करने के लिए वेबसाइटों और ईमेल मार्केटिंग जैसे आभासी चैनलों का उपयोग करते हैं, जबकि अन्य एक रणनीति का पालन कर सकते हैं जो डिजिटल और ऑफलाइन चैनलों के मिश्रण का उपयोग करता है– उदाहरण के लिए, खुदरा विक्रेता जो आमने–सामने, टेलीफोन, मोबाइल, प्रत्यक्ष मेल संचार और वेब का उपयोग करते हैं। हम देखते हैं कि (अनुसंधान ऑनलाइन–खरीद ऑफलाइन) व्यवहार और **क्लिक–एंड–कलेक्ट** सेवाएं महत्वपूर्ण बनी हुई हैं।

इसलिए डिजिटल मार्केटिंग रणनीति का फोकस मौजूदा मार्केटिंग रणनीतियों का समर्थन करने के लिए चैनल का उपयोग करने के तरीके के बारे में निर्णय है, इसकी ताकत का फायदा कैसे उठाया जाए और इसकी कमजोरियों का प्रबंधन कैसे किया जाए, और मल्टीचैनल मार्केटिंग रणनीति के हिस्से के रूप में अन्य चैनलों के साथ संयोजन में इसका उपयोग किया जाए। यह मल्टीचैनल मार्केटिंग रणनीति परिभाषित करती है कि विभिन्न मार्केटिंग चैनलों को ग्राहक और कंपनी के लिए उनके सापेक्ष गुणों के आधार पर अपने प्रस्ताव विकास और संचार के संदर्भ में एक–दूसरे को कैसे एकीकृत और समर्थन करना चाहिए। दरअसल, यूनिलीवर में संचार प्रमुख कीथ वीड ने भविष्यवाणी की है कि ओमनी–कनेक्टिविटी एक प्रमुख प्रौद्योगिकी प्रवृत्ति है और सुझाव देता है कि भविष्य में कनेक्शन न केवल कंप्यूटर, फोन और टैबलेट के बीच होंगे, बल्कि घरेलू उपकरण, हीटिंग नियंत्रण, स्मार्ट घड़ियां और स्वास्थ्य मॉनिटर भी होंगे।

पारंपरिक विपणन और डिजिटल विपणन

पारंपरिक विपणन विपणन का सबसे पहचानने योग्य रूप है। ज्यादातर लोग इसकी दीर्घायु के कारण पारंपरिक विपणन के आदी हैं। पारंपरिक विपणन के कुछ उदाहरणों में एक अखबार या पत्रिका में विज्ञापन जैसे मूर्त आइटम शामिल हैं। इसमें एक बिलबोर्ड, ब्रोशर, टीवी या रेडियो पर विज्ञापन, पोस्टर आदि भी शामिल हैं। यह विपणन का एक गैर–डिजिटल तरीका है। जबकि डिजिटल मार्केटिंग ग्राहकों तक पहुंचने के लिए विभिन्न डिजिटल चैनलों का उपयोग करती है। कुछ तुलनाएं नीचे दी गई हैं:

पारंपरिक विपणन	डिजिटल मार्केटिंग
पारंपरिक विपणन के उदाहरण में एक पोस्टर, ब्रोशर, पत्रिका, समाचार पत्र, प्रसारण, टेलीफोन शामिल हैं	डिजिटल मार्केटिंग के उदाहरण में एक वेबसाइट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, एफिलेट मार्केटिंग, ईमेल मार्केटिंग, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़ेशन शामिल हैं
एक पारंपरिक विपणन दृष्टिकोण के साथ, केवल सीमित या स्थानीय ग्राहक को लक्षित किया जा सकता है	डिजिटल मार्केटिंग दृष्टिकोण के साथ दुनिया भर के ग्राहक को लक्षित किया जा सकता है
विज्ञापन अभियान को योजना बनाने में लंबा समय लगता है	विज्ञापन अभियान को योजना बनाने में थोड़ी अवधि लगती है
यह महंगा और समय लेने वाला है	यह अपेक्षाकृत सस्ता और तेज है
माल को व्यक्त करते समय एक शारीरिक संबंध को आकार दिया जाता है	डिजिटल मार्केटिंग की डिजिटल प्रकृति के कारण कोई शारीरिक संबंध नहीं बनता है
एक अभियान लंबे समय तक रहता है और परिवर्तन महंगा है	एक अभियान को बहुत आसानी से बदला जा सकता है
उत्पाद पोस्टर, कागज, बिलबोर्ड के प्रचार के लिए कई विभिन्न प्रकार की सामग्री का उपयोग किया जाता है	कोई भौतिक सामान की आवश्यकता नहीं है क्योंकि डिजिटल मार्केटिंग वेबसाइट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म या ऑनलाइन वीडियो के माध्यम से की जाती है
पारंपरिक विपणन की भौतिक प्रकृति के कारण, इसकी लागत अधिक है	डिजिटल मार्केटिंग पारंपरिक मार्केटिंग की तुलना में सस्ता है क्योंकि यह वेबसाइटों और सोशल मीडिया पर किया जाता है
बाजार विश्लेषण के लिए पारंपरिक विपणन सर्वेक्षण या प्रयोग पर निर्भर करता है, परिणाम	विभिन्न विश्लेषणात्मक उपकरणों पर उपलब्ध तथ्य और डेटा डेटा का विश्लेषण करना और

का विश्लेषण करना जटिल है और सटीक डेटा प्रदान नहीं करता है	इसकी व्याख्या करना बहुत सुविधाजनक बनाते हैं
24/7 विपणन संभव नहीं है	दुनिया भर में 24/7 विपणन संभव है
केवल एक तरफ़ा संचार हो सकता है	दो–तरफा संचार हो सकता है
वायरल होने की क्षमता नहीं	वायरल होने की क्षमता
ग्राहक केवल काम के समय के दौरान प्रतिक्रिया दे सकता है	ग्राहक किसी भी समय प्रतिक्रिया दे सकते हैं

अंकीय विपणन के गुण

प्रौद्योगिकी तेजी से बदल रही है और इसने उपभोक्ता के खरीदारी व्यवहार को भी प्रभावित किया है। नीचे कुछ फायदे दिए गए हैं जो डिजिटल मार्केटिंग से उपभोक्ता को मिलते हैं:

- साल 2020 में उपभोक्ता दुनिया में किसी भी जगह से कभी भी इंटरनेट एक्सेस कर सकते हैं। और डिजिटल मार्केटिंग की डिजिटल प्रकृति के कारण उपभोक्ता किसी भी उत्पाद या सेवा के बारे में 24/7 बार अपडेट रह सकते हैं।
- इंटरनेट के कारण उपभोक्ता विभिन्न गतिविधियाँ कर सकता है जैसे कंपनी की वेबसाइट पर जाना, जानकारी पढ़ना, उत्पाद खरीदना आदि। इससे उपभोक्ताओं का जुड़ाव बढ़ा है और उनके अनुभव में सुधार हुआ है।
- पारंपरिक विपणन में इस बात की बहुत कम संभावना होती है कि विपणक द्वारा उपभोक्ताओं को गलत जानकारी दी जा सकती है, लेकिन डिजिटल मार्केटिंग में उपभोक्ताओं को किसी भी उत्पाद या सेवा के बारे में स्पष्ट और सटीक जानकारी मिलती है। और इंटरनेट संपूर्ण आइटम डेटा देता है जिस पर ग्राहक निर्भर हो सकते हैं और खरीद विकल्प पर व्यवस्थित हो सकते हैं।
- कई अलग–अलग कम्पनियां डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से अपने उत्पादों का प्रचार करती हैं, इसलिए उपभोक्ता के लिए विभिन्न कंपनियों के उत्पादों की तुलना करना सुविधाजनक हो जाता है। उत्पादों की तुलना करने के लिए उन्हें विभिन्न खुदरा स्टोरों पर जाने की आवश्यकता नहीं है।
- इंटरनेट पूरे दिन उपलब्ध रहता है इसलिए समय की कोई पाबंदी नहीं है और ग्राहक किसी भी समय उत्पाद खरीद सकते हैं।
- डिजिटल माध्यम के कारण दर्शक उत्पादों या सेवाओं के बारे में जानकारी और विशेषताओं को दूसरों के साथ साझा कर सकते हैं।

- संगठन डिजिटल चैनलों के माध्यम से वस्तुओं की कीमतों को दिखाता है और इससे उपभोक्ता के लिए लागत बेहद समझ में आती है और सीधी होती है। कंपनी छूट देने के लिए किसी भी छुट्टी या त्योहार पर अपनी कीमतों में बदलाव भी करती है और उपभोक्ता के लिए बहुत पारदर्शी है।

पारंपरिक विपणन में पहले उपभोक्ता पोस्टर, टीवी या किसी पारंपरिक तरीके से विज्ञापन देखते हैं और उन्हें खरीदने के लिए खुदरा स्टोर पर जाते हैं। लेकिन डिजिटल मार्केटिंग में जब उपभोक्ता विज्ञापन देखते हैं तो वे डिजिटल मीडिया के माध्यम से तुरंत उत्पाद खरीद सकते हैं।

अंकीय विपणन के दोष

आज के युग में डिजिटल मार्केटिंग के कई फायदे हैं हालांकि इसके कुछ नुकसान भी हैं जिनकी चर्चा नीचे की गई है:

- एक प्रतियोगी दूसरों के डिजिटल मार्केटिंग अभियान को आसानी से कॉपी कर सकता है। ग्राहकों को ठगने के लिए ब्रांड नाम या लोगो का इस्तेमाल किया जा सकता है।
- यदि इंटरनेट कनेक्शन धीमा है या वेबसाइटों में कुछ समस्या है, तो वेबसाइटों को खुलने में बहुत अधिक समय लग सकता है और ग्राहक ज्यादा इंतजार नहीं करेगा और चला जाएगा।
- पारंपरिक विपणन में, ग्राहक सत्यापित करने के लिए उत्पादों को भौतिक रूप से छू सकते हैं लेकिन ई–कॉमर्स में यह संभव नहीं है।
- हालांकि भारत डिजिटलीकरण कर रहा है, फिर भी कई ग्राहक ऑनलाइन भुगतान प्रणाली पर भरोसा नहीं करते हैं या नहीं जानते।
- आभासी प्रगति से संबंधित भारी संख्या में नकली होने के कारण ग्राहकों के भरोसे की कमी। निष्पक्ष संगठन प्रभावित हो सकते हैं क्योंकि उनकी छवि और मूल्य की प्रतिष्ठा को नुकसान हो सकता है।
- ऐसे कई मामले हैं जब उपयोगकर्ताओं ने नकली आईडी का उपयोग करके खरीदने के इरादे से भुगतान वितरण पद्धति के माध्यम से उत्पादों का ऑर्डर दिया। यह डिलीवरी पद्धति पर भुगतान की खामियों को दर्शाता है।
- डिजिटल मार्केटिंग पूरी तरह से इंटरनेट/तकनीक पर निर्भर है जिससे गलतियां हो सकती हैं।
- डिजिटल मार्केटिंग अभी तक सभी व्यक्तियों द्वारा समझ में नहीं आई हैरू कुछ ग्राहक, विशेष रूप से अधिक स्थापित लोग कम्प्यूटरीकृत वातावरण में विश्वास नहीं करते हैं, पारंपरिक रणनीतियों का उपयोग करना चाहते हैं।

निष्कर्ष

इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि दुनिया तेजी से सरल से डिजिटल दुनिया की ओर बढ़ रही है। लोग ऑनलाइन सामग्री में अधिक निवेश कर रहे हैं और कंपनियों को अपनी विज्ञापन रणनीति में इस तथ्य को पचाने में कठिनाई हो रही है, उन्हें जल्दी से समायोजित करने की आवश्यकता है। लोग हर साल जितना अधिक समय इंटरनेट पर बिताते हैं, उतने ही अधिक डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग वे अपने जीवन में एक सतत–विकासशील कार्य करते हैं। डिजिटल इंडिया का मुख्य उद्देश्य डिजिटल माध्यम को बढ़ावा देना है। क्योंकि लोग दुनिया से कहीं भी कभी भी डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर सकते हैं, कंपनियों को अपनी मार्केटिंग रणनीति को पारंपरिक से डिजिटल में बदलने की जरूरत है। यदि कंपनियां अपने उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग नहीं करती हैं तो वे प्रतिस्पर्धियों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकती हैं और अंततः बंद हो जाएंगी।

जब ग्राहक किसी भी उत्पाद को ऑनलाइन खरीदना चाहते हैं, तो वे आसानी से उत्पाद की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और किसी खुदरा स्टोर या शॉपिंग मॉल में जाए बिना अन्य उत्पादों के साथ तुलना कर सकते हैं। इससे पता चलता है कि उपभोक्ता खुदरा स्टोर पर जाने के बजाय ऑनलाइन खरीदारी के प्रति अधिक इच्छुक हैं। जैसा कि उपभोक्ता का खरीदारी व्यवहार बदल रहा है, कंपनियों को भी अपनी विज्ञापन रणनीति बदलने और मार्केटिंग के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म अपनाने की जरूरत है।

सन्दर्भ ग्रन्थ–सूची :–

- Bala M., Verma D. "A Critical review of Digital Marketing," www.ijmrs.us,
- Chaffey, D. and Ellis-Chadwick, F. (2012). Digital Marketing: Strategy, Implementation and Practice. 1st ed. Harlow: Pearson Education.
- Dahiya R., "A Research Paper on Digital Marketing Communication and Consumer Buying Decision Process: An Empirical Study in the Indian Passenger Car Market", Journal of Global Marketing 31(2):1- 23, September 2017.
- Elizabeth S. B, "Digital Marketing", February 2011, webservices.itcs.umich.edu/.
- French, A. and Smith, G. (2013). Measuring brand association strength: a consumer based brand equity approach. European Journal of Marketing, 47(8), pp.1356-1367.
- https://digitalmarketinginstitute.com/
- https://en.wikipedia.org/wiki/Digital_marketing
- https://mailchimp.com/marketing-glossary/digital-marketing
- Marr, B. (2012). Key performance indicators. 1st ed. Harlow, England; New York: Pearson Financial Times Pub.
- McCarthy, E. J. (1964), Basic Marketing, Richard D. Irwin, Homewood, IL.

- Mercer, D. (1999). Marketing. 1st ed. Oxford [u. a.]: Blackwell.
- Ryan, D. (2014). Understanding Digital Marketing: Marketing Strategies for Engaging the Digital Generation Ed. 3. 1st ed. Kogan Page.

संत कवि कबीर की सामाजिक चेतना

डॉ0 अल्ताफ
(एसोसिएट प्रोफेसर)

शोध निर्देशक
हिन्दी विभाग
शिब्ली नेशनल पी0जी0 कॉलेज, आजमगढ़
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

मयंक तिवारी

शोधार्थी (हिन्दी)
शिब्ली नेशनल पी0जी0 कॉलेज, आजमगढ़
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

निर्गुण काव्यधारा के महान कवि कबीर दास का भक्तिकाल में सर्वोच्च स्थान है। भारत भूमि अनेक रत्नों की खान रही है। उन्हीं महान रत्नों में एक थे संत कबीर। कबीर की भाषा सधुक्कड़ी की तथा उसी भाषा में कबीर समाज में व्याप्त अनेक रूढ़ियों का खुलकर विरोध किया है।

तत्कालीन समाज में हिन्दुओं की तीर्थ–यात्रा एवं मुसलमानों की हज यात्रा भी प्रचलित थी। समाज में अनेक दुष्कर्म करके भी लोग तीर्थ या हज करके पापों से पूरी तरह निवृत्त मान बैठते थे। इससे लोग मोक्ष की प्राप्ति का भी अनुभव करते थे। लोगों की मान्यता थी कि किसी भी तीर्थ पर जाकर वहाँ स्नान ध्यान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। संत कवि इस आडम्बर से ऊब चुके थे। कबीर यह देखकर आश्चर्य व्यक्त करते हैं, कि लोगों ने मुक्ति को इतना सस्ता समझ रखा है और पानी में नहाकर और राम–नाम को रटकर ही उसे उड़ा लेना चाहते हैं। ऐसे प्रश्नों की निरर्थकता पर कबीर कह उठते हैं–

'तीरथ करि–करि जग मुवा, हूँधै पाँणी न्हाइ।
रामहि राम जपंतडाँ, काल घसीट्यों जाइ।।'

संत कवियों का विचार था कि जिस प्रकार ब्रह्म शरीर के भीतर है, वैसे ही तीर्थ भी शरीर के भीतर है। अपने शरीर के अंदर स्थित मनःस्थितियों को पवित्र रखना ही तीर्थ के समान है। रवीन्द्र कुमार सिंह के अनुसार 'भला यह कैसे उपहास की बात थी। वास्तव में, तीर्थाटन तो

विषैली लता के समान है जिसका न कोई मूल है और जिसमें न कोई सार है। यदि मन में सच्चाई नहीं है और ह्रदय में वासना की अग्नि धधक रही है, तो तीर्थाटन से कुछ नहीं होगा।'

संत कवियों ने तीर्थ–यात्रा को जीवन के विरुद्ध माना है। संतों द्वारा धर्म के ठेकेदार के पद पर कब्जा जमाए पुजारियों और पंडों पर कड़ा प्रहार किया गया है। संतों ने घूम–घूमकर तीर्थ यात्रा के विरुद्ध प्रचार किया। रविन्द्र कुमार सिंह का मत है कि–'कवियों ने तीर्थ–यात्रा के विरुद्ध जो उपदेश दिए हैं, उसके कुछ अन्य कारण भी थे। उस समय यातायात की कठिनाई के साथ–साथ देश में परिव्याप्त दीनता और अराजकता के कारण स्थान–स्थान पर लूट–मार होने लगी थी। मुस्लिम बादशाहों की धर्मान्धता के कारण भी यात्रियों को पीड़ित किया जाता था।' इसीलिए संत कवियों ने गृहस्थी में रहकर ही ईश्वर उपासना करने के नियम को बताया। जब ईश्वर सर्वत्र विद्यमान है, केवल तीर्थ–यात्रा तक सीमित नहीं है, तो यहाँ–वहाँ भटकने की आवश्यकता ही क्या है? यदि तीर्थ स्थान के बाद भी मन की अपवित्रता बनी रहे, तो इसका क्या लाभ हुआ? यदि तीर्थ–यात्रा के बाद भी वही सामान्य मृत्यु का ग्रास बनना है तो यह सब व्यर्थ है–

'जोगी जती तपी संन्यासी बहु तीरथ भ्रमना।
लुंजित मुंजित मौनि जटा धरि अंत तऊमरना।।'

जो व्यर्थ तीर्थ–यात्रा को जाते हैं, ऐसे लोगों को संत दादू दयाल कहते हैं कि शरीर के द्वारा किये गये कर्मों को धोने के लिए तुम पवित्र तीर्थ–स्थानों पर जाया करते हो, किन्तु जो कर्म तुम वहां करते हो, उसे कहाँ धोओगे–

'काया कर्म लगाइ करि, तीरथ धोवै आइ।
तीरथ माह कीजिये, सो कैसे करि जाइ।।'

तीर्थाटन में तल्लीन व्यक्ति को कभी स्वर्ग का ज्ञान नहीं हो सकता। यदि देखा जाय तो सच्चा स्नान गुरु की सेवा है। गुरुनानक देव ने तो स्पष्ट रूप से कह दिया है कि कठोर तप, दया आदि करने वाले को तो भले ही थोड़ा पुण्य मिल जाए, परन्तु प्रभु के नाम का एक कण भी उसके लिए अधिक श्रेयस्कर है। नानक कहते हैं–

:तीरथ तपु दड़िआ दतु दानु। जे को पावै तिल का मानु ।।
सुणिआ मनिआ मनि कीता भाउ ।। अंतरगति तीरथि मलि नाउ।।'

मध्ययुगीन समाज में बहुप्रचलित उपासना रूपों में मूर्ति–पूजा का स्थान प्रमुख था। मुल्ला और पंडितों ने ईश्वर को मंदिर–मस्जिद व मूर्तियों तक सीमित कर दिया था। ऐसी स्थिति में संतों ने जनता को इस वाह्याडम्बर से दूर रहने की सलाह दी। संतों का स्पष्ट मत था कि पत्थर की पूजा निरर्थक है। पत्थर को पूजने से भला ईश्वर कैसे मिल सकता? डॉ. केशनीप्रसाद चौरसिया के मतानुसार– ''संतकालीन समाज की धार्मिक भावनाएँ रूढ़ और परम्परागत रहीं।

सामान्य जनता विभिन्न प्रकार के अंधविश्वासों में फंसकर हीन जीवन बिता रही थी। विजातीय धर्म परिवर्तन के बाद भी संस्कार ज्यों के त्यों बने रहे। अंधविश्वास एवं झाड़–फूंक आदि चमत्कारों के प्रति ममता शेष रही। अतः संतों ने मुसलमानों के रोजा, नमाज, हज, ताजिएदारी और हिन्दुओं के श्राद्ध, एकादशी, तीर्थ–व्रत, मन्दिर आदि सबका तीव्र विरोध किया और दोनों धर्मो की इस वाह्याडम्बर जनित अन्ध श्रद्धा के लिए तीव्र भर्त्सना की।' मूर्ति पूजा जैसे विरोध को लेकर कबीर भ्रम विधौंसण कौ अंगर में कहते हैं–

'पाँहिन फूंका पूजिए, जे जनम न देई जाब।
आंधा नर आसामुषी, याँ ही खोवै आब।।'

कबीर बड़े बेबाक तरीके से पूजा पद्धति का खंडन करते हैं। पत्थर का देव स्थान है। और उसमें पत्थर की ही प्रतिमा स्थापित की गयी है। पूजने वाला भी अन्धा है। ऐसी पूजा पद्धति से तो किसी सिद्धि प्राप्ति की आशा तो कत्तई नहीं रखनी चाहिए। कबीर अपने पद के माध्यम से सम्बोधित करते हुए कहते हैं–

'जो पाथर को कहिते देव। ताकी बिरथा होवै सेव ।।
जो पाथर की पाई–पाई तिस की घाल अजाई जाई।।'

सरल और सच्चा जीवन व्यतीत करने वाले संतों और भक्तों ने सत्य के ग्रहण और असत्य के त्याग के विपरीत जो आचरण देखा है उसका बराबर विरोध किया है। संत साहित्य लोक तथा समाज से गहन रूप में संयुक्त रहा है। संतों ने इस बात का बखूबी तरीके से प्रत्यक्ष

अनुभव किया था कि किसी भी प्रकार का कर्मकांड हो लोक जीवन को किसी प्रकार की भावात्मक प्रेरणा नहीं देता। बल्कि यह कह सकते हैं कि लोक इन रुड़ियाँ और कर्मकांड जैसे अंधविश्वासों को ढोता आ रहा है। डॉ. भगीरथ मिश्र इस बात का जिक्र करते हुए कहते है कि 'असत्य पर आधारित कवियों, पाखंडों और आडम्बरों से प्रथम तो सामाजिक चेतना कुंठित होती है और भीरता आती है, दूसरे आत्मविश्वास का भाव घटता है और तीसरे पारस्परिक भेदभाव बढ़ता है। यदि समाज के अंतर्गत इस प्रकार के आडम्बर आ गये हो, तो उनको दूर करना पहला काम है, क्योंकि उनके दूर किये बिना विभिन्न वर्गों और समुदायों का भेद–भाव नही मिट सकता।' ऐसे आडम्बरों और पाखंडों का खंडन संत कवियों ने स्थान–स्थान पर किया है।

समाज में अनेक दुष्कर्म करके भी लोग तीर्थ या हज करके पापों से पूरी तरह निवृत्त मान बैठते है।

यदि तीर्थ स्थान के बाद भी मन की अपवित्रता बनी रहे, तो इसका क्या लाभ हुआ? यदि तीर्थ–यात्रा के बाद भी वही सामान्य मृत्यु का ग्रास बनना है तो यह सब व्यर्थ है।

संत कवियों का विचार है कि अपने शरीर के अंदर स्थित मनःस्थितियों को पवित्र रखना ही तीर्थ के समान है।

धर्म और समाज दोनों में भेद–भाव डालने वाली तथा दिखावेपन की बातों का संत कवियों ने तीव्र विरोध किया है। वे माला लेकर उस जाप का विरोध करते हैं जिसमें मन इधर–उधर फिरता है और उस नमाज की भी निंदा करते हैं जो हृदय के कपट–भाव और जीव हिंसा और हत्या को दूर नहीं कर सकती है। ईश्वर को मन्दिर, मस्जिद या मूर्ति में ही केन्द्रित कर केवल वहीं जाने पर धर्म–भाव को मन में लाना और अन्य स्थानों पर अत्याचार और पाप करना, सत्य व्यवहार से दूर है। अगर हम यथार्थ में देखें तो ये धर्माडम्बर हमें झूठा मार्ग बताते हैं।

मध्ययुगीन समाज में आडम्बर और ढ़ोंगी व्यवस्था को लेकर रवीन्द्र कुमार सिंह कई प्रश्न खड़े करते हैं। उनके कथनानुसार– 'जो मूर्ति–पूजा में अपना समय लगाते हैं, उन्होंने तो अपनी मूल–पूंजी भी नष्ट कर डाली। जब ईश्वर का निवास हृदय के भीतर भी है, तो बाहर जाने का क्या लाभ? अतः मूर्तियों का चरणामृत पीना या उनका पूजन करना, सब व्यर्थ है। जो स्वनिर्मित मूर्ति को संसार का रचयिता, स्रष्टा और नियंता समझ बैठा है, उस जैसा मूर्ख कौन हो सकता है। किन्तु सच बात यह है कि मध्ययुगीन समाज ऐसे ही अन्धकार में डूब चुका था।'' मध्ययुगीन समाज में फैले खोखले लोकाचार और रुढ़ियों पर संतों ने तीव्र व्यंग्य किये हैं। संत दरिया का यहाँ उदाहरण देना समीचीन लगता है। विज्ञान द्वारा यह प्रमाणित है कि जो वस्तु निर्जीव है उसमें जीवन की कल्पना करना व्यर्थ है। इसी बात को लेकर संत दरिया लोगों की मानसिकता बदलने की बात करते हैं। वे समझाते हैं कि जो मूर्ति न कुछ खाती है और न बोलती है, उसकी पूजा करने से कुछ होने जाने वाला नहीं है।

मध्यकालीन समाज में जहाँ एक तरफ निर्गुण मतावलंबियों ने मूर्ति–पूजा का जोरदार खंडन किया है, वहीं दूसरी तरफ कर्मकाण्डियों एवं ढोंगियों के लिए समुचित समाधान की व्यवस्था भी कर दी है। ऐसे लोगों के लिए संतों ने साकारोपसना का मार्ग बतलाया। संतों ने बतलाया की यदि पूजा अनिवार्य ही है, तो उसके बदले साधुओं की पूजा कीजिये, क्योंकि कम–से–कम वे बोलते भी हैं तथा अनुभव करने की क्षमता भी है। इसमें कोई संदेह नहीं कि समस्त संत कवियों में कबीर एक ऐसे क्रांतिकारी योद्धा हैं जिसने मूर्ति पूजा पर सबसे तीव्र प्रहार किया है। कबीरदास कहते हैं–

'जेती देख आत्मा, वेता सालिगराम।
साधू प्रतपि देव हैं, नहीं पावर सू कौम।।'

कबीर की कहन क्षमता इतनी मारक है की बड़ी ही सहजता से वे न कहते हुए भी सब कुछ कह डालते हैं। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी इस बात को व्याख्यायित करते हैं– 'सच पूछा जाए तो आज तक हिन्दी में ऐसा जबरदस्त व्यंग्य लेखक पैदा ही नहीं हुआ है। उनकी साफ चोट करने वाली भाषा, बिना कहे भी सब कुछ कह देने वाली शैली और अत्यंत सादी किन्तु

अत्यंत तेज प्रकाशन–भंगी अनन्य साधारण है। हमने देखा है कि बाह्याचार पर आक्रमण करने वाले संतों और योगियों की कमी नहीं है, पर इस कदर सहज और सरस ढंग से चकनाचूर करने वाली भाषा कबीर के पहले बहुत कम दिखाई दी है।'

सन्दर्भ ग्रन्थ–सूची :–

1. रामचन्द्र शुक्ल, हिन्दी साहित्य का इतिहास, कमल प्रकाशन
2. श्याम सुन्दर दास, कबीर ग्रन्थावली
3. डॉ0 पारसनाथ तिवारी, कबीरवाणी संग्रह
4. माता प्रसाद, कबीर ग्रन्थावली
5. डॉ0 हजारी प्रसाद द्विवेदी, हिन्दी साहित्य का उद्‌भव

इन्टरनेट एवं वेबसाइट

1. Shodhganga@inflibnet
2. www.wikipedia.org
3. https://www.google.com

प्राचीन भारतीय सामाजिक चिन्तन के दार्शनिक पक्ष : एक मीमांसा

डॉ० कृपाशंकर पाण्डेय

असिस्टेंट प्रोफेसर
संस्कृत विभाग
आर० डी०–डी०जे० कॉलेज मुङ्गेर,
मुङ्गेर विश्वविद्यालय मुङ्गेर, बिहार

विवेकपूर्ण दृष्टिकोण को दर्शन कहते हैं। दर्शन में बाहरी और आन्तरिक दोनों प्रकार का "देखना" सन्निहित है। दर्शन में जो देखने क्रिया है; मोटे तौर पर ऐसा लगता है कि यह आँखों से ही सम्पादित होती है परन्तु ऐसा नहीं है बल्कि समस्त इन्द्रियजन्य ज्ञान दर्शन है। ज्ञानेन्द्रियों के अतिरिक्त अंतःकरणचतुष्टय से भी जो ज्ञान होता है वह भी दर्शन है। दर्शन की सर्वोच्चता आत्मा के अपरोक्ष ज्ञान में सन्निहित है। दर्शन हमारे ऋषियों की मेधा से उत्पन्न हुआ है। प्राचीन भारतीय ऋषियों ने तप, स्वाध्याय और योगबल से अपने विवेक को पुष्ट किया था और उसी विवेक के बल पर उन्होंने तत्कालिक समाज का मार्गदर्शन किया था। उन्होंने अनेक कालजयी दर्शनग्रन्थों का सृजन किया जो आगे चलकर न केवल भारतवर्ष अपितु समग्र वसुधा के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हुए। प्राचीन भारतीय समाज की संरचना के मूल में इन्हीं ऋषियों की विचारशीलता समायी हुई है। ऋषियों ने इन विचारों को अपने अनुभव के धरातल पर परखा और फिर इन्हीं पुष्ट विचारों से समाजोपयोगी सिद्धान्तों को गढ़ा।

प्राचीन भारतीय समाज के मूल में ऋषियों की दार्शनिकदृष्टि स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। उन्होंने समाज में समरसता और सहयोग बनाये रखने के लिए अनेक वैज्ञानिक उपक्रम किया था। वैदिक ऋषियों ने समाज के लोगों को योग्यतानुसार चार वर्णों में विभाजित किया था. ..ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। पुरुषसूक्त में आता है–

ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्बाहू राजन्य कृतः।
ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रो अजायत।।(1)

उस विराट पुरुष के मुख से ब्राह्मण, बाहुओं से क्षत्रिय, जंघों से वैश्य और चरणों से शूद्र की उत्पत्ति हुई। विराट पुरुष और कोई नहीं बल्कि समग्र अस्तित्वरूप परमात्मसत्ता ही है। ऋषियों ने वेदमंत्रों की अनुभूति करके उसे लिखा। चारों वर्णों का समान महत्त्व था। शूद्रय जिसे कुछ तथा कथित लोग निम्न समझते हैं; वे विराट पुरुष के चरण से उत्पन्न हुए। यह सर्वविदित है कि हमारे चरण ही हमारे शरीर का भार वहन करते हैं अन्यथा हम एक कदम भी नहीं चल सकते हैं। हमें जब किन्हीं का सम्मान करना होता है तब हम उनके चरणस्पर्श करते हैं। ऋषियों की

इस दार्शनिक दृष्टि की अवहेलना का ही परिणाम है ऊँच–नीच की भावना। अपनी योग्यता और रुचि के अनुसार चारों वर्ण अपने–अपने कर्त्तव्यों का सम्पादन करते थे। ब्राह्मणों के जिम्मे शिक्षा–दीक्षा और यज्ञीय विधान था। क्षत्रियवर्ण विराटपुरुष के बाहुओं से उत्पन्न होने के कारण शक्ति का प्रतीक था जिसके जिम्मे राष्ट्र की रक्षाव्यवस्था थी तथा वैश्य अन्न और धन के द्वारा चारों वर्णों का पोषण करते थे।इन योग्यताओं से जो सम्पन्न नहीं थे वे समाज के अन्य सेवाकार्य करते थे जो शूद्र कहलाते थे। चारों वर्णों का अपना महत्त्व था। वर्णों की उत्पत्ति के विषय में श्रीमद्भगवद्गीता में भी आता है। भगवान् श्री कृष्ण कहते हैं कि गुण और कर्म के विभागपूर्वक मेरे द्वारा चारों वर्णों की सृष्टि की गयी है।

चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः।
तस्य कर्तारमपि मां विद्धयकर्तारमव्ययम्।।(2)

समग्र मानवजीवन को ऋषियों ने कुल चार आश्रमों में विभाजित किया था।ब्रह्मचर्य,गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास।वेदों में यत्र–तत्र आश्रमव्यवस्था का स्वरूप देखने को मिलता है–

ब्रह्मचारी चरति वे विषद् विषः सः देवानः भवत्येकमङ्गम् (3)
ब्रह्मचर्यं समाप्य गृही भवेत्गृही भूत्वा वनी भवेत्वनी भूत्वा प्रव्रजेत् (4)

अत्यन्त सुव्यवस्थित ढंग से सौ वर्ष के मानवजीवन को पच्चीस–पच्चीस वर्षों के उक्त चार आश्रमों में विभाजित किया गया था। ब्रह्मचर्याश्रम में विद्या और कौशल का अर्जन, गृहस्थाश्रम में धनार्जन एवं संतानोत्पत्ति, वानप्रस्थाश्रम में पुण्यार्जनध्धर्मकार्य तथा संन्यासाश्रम में गृहत्याग करके पूर्णरूपेण आत्मकल्याण और जगद्धिताय व्यक्ति तत्पर हो जाता था। समग्र मानव जीवन इस प्रकार का विभाजन समग्र विश्व में प्राचीन भारत के अतिरिक्त अन्यत्र कहीं नहीं देखने को मिलता है।यह स्वयं में सुनियोजित और विवेकपूर्ण व्यवस्था थी जो आज भी हमारे लिए प्रासंगिक हो सकती है। इसके पीछे का जो दर्शन था वह मानव जीवन को सार्थक सिद्ध से सम्बंधित था। आज भी यह व्यवस्था दूसरे रूपों में दिखायी पड़ती है। सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालय से लेकर विश्वविद्यालय तक की शिक्षा फिर आजीविका हेतु रोजगार का चयन करते हुए व्यक्ति गृहस्थाश्रम में प्रवेश करता है। आज वानप्रस्थ और संन्यास आश्रमों का स्वरूप अवश्य बदला है लेकिन उसका अस्तित्व बना हुआ है।

प्राचीन भारतीय समाज में भौतिक और आध्यात्मिक दोनों उपलब्धियों को महत्त्व दिया गया। इन उपलब्धियों की सम्प्राप्ति हेतु चार पुरुषार्थों की व्यवस्था दी गयी। धर्म–अर्थ–काम–मोक्षरूप पुरुषार्थचतुष्टय का मानवजीवन हेतु अत्यन्त महत्त्व है। धर्म को जीवन के आधार के रूप में रखा गया। धर्मरहित अर्थ और काम को वर्जित माना गया। वैशेषिक सूत्रकार आचार्य कणाद ने लिखा– "यतौभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः"(5) अर्थात् जिससे लौकिक उन्नति एवं पारलौकिक उन्नतिरूप मोक्ष की प्राप्ति हो वह धर्म है। कहा गया कि–

धर्मो विश्वस्य जगतः प्रतिष्ठा लोके धर्मिष्ठं प्रजा उपसर्पन्ति।
धर्मेण पापमदनुपति धर्मे सर्वं प्रतिष्ठितं तस्माद् धर्मं परमं वदन्ति।। (6)

अर्थात् सम्पूर्ण विश्व का आधार धर्म ही है। लोग संसार में कल्याण के लिए धार्मिक व्यक्ति के पास जाते हैं। धर्म से पाप का क्षय होता है। धर्म में ही सब कुछ प्रतिष्ठित है। इसलिए धर्म को सबसे बड़ा कहा गया है। वाल्मीकि रामायण में भी कहा गया कि–

धर्मार्थकामाः किल जीवलोके समीक्षिताधर्मफलोदयेषु।
ये तत्र सर्वे स्युरसंशयं मे, भार्येव वश्याभिसता सपुत्रा।। (7)

अर्थात् इस जीव–जगत में धर्म–फल की प्राप्ति के अवसरों पर धर्म–अर्थ–काम ये सब निस्सन्देह जहाँ धर्म है वहाँ अवश्य प्राप्त होते हैं, जैसे पुत्रवती भार्या पति के अनुकूल रहकर सहायक होती है। धर्म के बिना अर्थ और काम अनर्थक सिद्ध होते हैं। धर्म की तरह अर्थ की भी अपनी प्रासंगिकता है। बिना अर्थ के लौकिक जीवन की कल्पना व्यर्थ है। ऋषियों ने कहा है "अर्थमूलाः क्रियाःसर्वा यत्नस्तस्यार्जने मतः"(8) धर्मपूर्वक अर्थोपार्जन करके कामनाओं का परिशमन किया जाना चाहिए।काम पुरुषार्थ भी महत्त्वपूर्ण पुरुषार्थ है। गीता में श्रीकृष्ण ने स्वयं को धर्म से अविरुद्ध काम बताया है–

बलं बलवतां चाहं कामरागविवर्जितम् ।
धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ ।।(9)

विवेकपूर्ण दृष्टिकोण को दर्शन कहते हैं। दर्शन में बाहरी और आन्तरिक दोनों प्रकार का "देखना" सन्निहित है।

दर्शन में जो देखने क्रिया है आँखों से ही सम्पादित होती है। परन्तु ऐसा नहीं है बल्कि समस्त इन्द्रियजन्य ज्ञान दर्शन है। ज्ञानेन्द्रियों के अतिरिक्त अंतःकरणचतुष्टय से भी जो ज्ञान होता है वह भी दर्शन है। दर्शन की सर्वोच्चता आत्मा के अपरोक्ष ज्ञान में सन्निहित है।

मोक्ष को मानवजीवन का सर्वश्रेष्ठ पुरुषार्थ बताया गया क्योंकि यह पुरुषार्थ शेष तीनों पुरुषार्थों का फल है।निरहंकरिता और निश्कामता की साधना से मनुष्य के सम्पूर्ण मोह का जब क्षय हो जाता है तो उसे जन्ममरण के बन्धन मोक्ष मिल जाता है। इस तरह ऋषियों ने समाज में मानवमात्र के लिए पुरुषार्थचतुष्टय का विधान करके उसके इहलोक के सुखसाधन का मार्ग प्रशस्त किया साथ ही सच्चिदानन्दस्वरूप आत्मतत्त्व में उसकी नित्यस्थिति हेतु परम मांगलिक विधान भी किया।

प्राचीन भारतीय समाज में हमारे मनीषियों ने लोकमंगल की कामना का विस्तार किया था। समष्टि के मंगल में व्यष्टि का मंगल माना गया और समाज के मूलभूत तत्त्वों में इसे सम्मिलित किया गया। लोकमंगल की कामना को पूजा के मंत्रों में सम्मिलित किया गया और मानवमात्र के कल्याण के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी–

लोकाः समस्ताः सुखिनः भवन्तु (10)
सर्वेषां मंगलं भूयात् सर्वे सन्तु निरामयाः।

सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःखभाग भवेत्।।(11)

न केवल तत्कालिक समाज के विभिन्न वर्गों को एक परिवार के रूप में देखा गया अपितु समग्र वसुधा को ही एक परिवार के रूप में ख्यापित किया गया तथा अपने और पराये की भावना को संकीर्ण माना गया–

अयं निजः परोवेति गणना लघुचेतसाम्।
उदारचरितानां तु वैसुधैव कुटुम्बकम् ।। (12)

व्यक्ति के वास्तविक सुख और शान्ति की अवाप्ति पर जितनी गहराई और सूक्ष्मता से प्राचीन भारतीय चिन्तन में विचार हुआ उतनी गहराई और सूक्ष्मता से विश्व के किसी भी कोने में और किसी भी काल में नहीं हुआ।यह ऋषियों के तपःपूत चिन्तन का आनुभविक सत्य था कि बिना सेवा के आत्मिक सुख नहीं प्राप्त हो सकता अतः समाज में सेवाधर्म पर विशेष बल दिया गया। सेवा जब अहंकाररहित होकर की जाती है तो व्यक्ति का अन्तःकरण निर्मल हो जाता है और वह वास्तविक आनन्द की अनुभूति करता है। सेवाधर्म को मनीषियों ने अत्यंत दुर्लभ बताया है..

सेवाधर्मः परमगहनो योगिनामप्यगम्यः (13)

समाज में सेवा के महत्त्वप्रतिपादन के पीछे सामाजिक समरसता और सहकारिता का उद्देश्य सन्निहित है।सभी लोग सेवा का कार्य करेंगे तभी चारों वर्ण अपने–अपने स्तर से समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करते हुए आगे बढ़ सकेंगे।

प्राचीन भारत में स्त्रियों को समाज में पूरा सम्मान प्राप्त था। ऐसा कहा गया कि जहाँ नारी का सम्मान होता है वह देवगण निवास करते हैं और जहाँ नारी का अपमान होता है वहाँ समस्त क्रियाएँ निष्फल हो जाती हैं...

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः ।
यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः ।।(14)

नारियों के सम्मान के पीछे जो दार्शनिक दृष्टि थी वह यह थी कि नर और नारी बाहर से भले भिन्न–भिन्न आकृतियों से युक्त लगते हों परन्तु उन दोनों के अन्दर वही परमात्मा स्थित है जो समग्र भूतों में निवास करता है। अतः न केवल स्त्रियों का सम्मान अपितु समाज के समस्त प्राणियों का सम्मान किया जाना चाहिए क्योंकि सभी प्राणियों के अन्दर ईश्वर साक्षीरूप में विद्यमान है...

एको देवः सर्वभूतेषु गूढः सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा।
कर्माध्यक्षः सर्वभूताधिवासः साक्षी चेता केवलो निर्गुणश्च।।(15)

ऋषियों ने सबके अन्दर ब्रह्म का साक्षात्कार किया इसलिए अहिंसा पर अत्यधिक बल दिया गया और जीवहत्या तथा परपीड़न को अत्यन्त निन्दनीय कहा गया। अहिंसा को परम धर्म

कहा गया। अहिंसा परमो धर्मः। (16) परम धर्म श्रुतिविदित अहिंसा।(17) अहिंसा को योगदर्शन के प्रणेता भगवान् पतंजलि ने अष्टांग योग में प्रथम स्थान पर परिगणित यम में प्रथम यम के रूप में उल्लिखित किया।(18)

प्राचीन भारत के समाज में चिन्तन की स्वतंत्रता देखने को मिलती है। प्रत्येक ऋषि अपनी दार्शनिक दृष्टि से सम्पन्न होता था। उसकी अपनी साधना पद्धति होती थी। वेदों में भी पर्याप्त वैभिन्य दिखता है।उसके वर्ण्य विषय भी विभिन्न होते हैं।किसी का किसी के लिए पूर्वाग्रह नहीं दिखता। वास्तविक धर्म को संत–महात्माओं के विवेक रूपी गुहा में स्थित बताया गया इसलिए महापुरुषों के पथ को सभी ने सराहा और उसका अनुकरण करने के लिए कहा..

वेदा विभिन्नारू स्मृतयो विभिन्ना नाऽसो मुनिर्यस्य मतं न भिन्नम्।
धर्मस्य तत्त्वं निहितं गुहायां महाजनो येन गतः स पंथाः।।(19)

श्रम के महत्त्व से सभी परिचित थे।समाज के सभी व्यक्तियों को काम करके खाने को कहा गया।इसके पीछे ऋषियों की दार्शनिक दृष्टि थे।उन्होंने अपने अनुभव से जाना था कि बिना शारीरिक श्रम के न तो मन की शान्ति मिलेगी और न ही शरीर स्वस्थ रह सकेगा । ऋषि कहते हैं कि कर्म करते हुए ही सौ वर्ष जीवित रहने की इच्छा करनी चाहिए परन्तु यह श्रम अर्थात् कर्मय निश्कामता और निरहंकरिता से युक्त होना चाहिए तभी वह जीव से चिपकेगा नहीं अर्थात् उसका कर्म बन्धन नहीं बनेगा। सकाम भाव से यदि कर्म किया जायेगा तो वह कर्म जन्ममरण का हेतु बन जायेगा इसलिए निश्काम श्रम से ही हम अपनी भौतिक और आध्यात्मिक उन्नति कर सकेंगे। श्रुति में आता है ...

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः ।
एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे ।।(20)

प्राचीन भारतीय सामिजक चिंतन का ताना–बाना ही कुछ ऐसा बुना गया था कि समष्टि और व्यष्टि दोनों का कल्याण हो। व्यक्ति अपने पुरुषार्थ से अपनी लौकिक इच्छाओं की पूर्ति करे। लेकिन किसी अन्य को क्षति पहुँचाकर अपना उत्कर्ष करना अत्यन्त हेय माना गया।लौकिक इच्छाओं की पूर्ति धर्मपूर्वक होगी तभी आध्यात्मिकता का द्वार भी खुल सकेगा। भौतिक कामनाओं की विवेकोचित पूर्ति के पश्चात् व्यक्ति आध्यात्म में प्रवेश करता है जहाँ समस्त प्रकार की कामनाओं को उखाड़ फेंका जाता है। चित्त जब निश्काम हो जाता है तो वह आत्मस्वरूप ही हो जाता है और आत्मतत्त्व की अपरोक्षानुभूति का हेतु बन जाता है। आत्मतत्त्व की अपरोक्षानुभूति प्रत्येक व्यक्ति का परम लक्ष्य होना चाहिएय ऐसा हमारे मनीषियों ने अपने अनुभूतिपरक ज्ञान से हमें बताया।

इस प्रकार से हम देखते हैं कि प्राचीन भारतीय सामाजिक चिन्तन के विभिन्न दार्शनिक पक्ष हैं जो तत्कालिक समाज को दिशा देते हैं एवं हमारे ऋषिमेधा को विश्वपटल पर रखते हैं। उपनिषदों में प्राचीन भारतीय चिन्तन विशेषरूप से पुष्ट होकर हमें देखने को मिलता है। जहाँ

परमतत्त्व को ही साध्य बताया गया और इसकी प्राप्ति हेतु विभिन्न नियम एवं उपनियम बनाये गये। इस चिन्तन ने केवल प्राचीन भारत को समृद्ध बनाया अपितु यह आज तक समग्र विश्व के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हो रहा है। दुनिया जब–जब वैचारिक रूप से भटकेगी तब–तब प्राचीन भारतीय ऋषियों की दार्शनिक दृष्टि उसे दिशा प्रदान करती रहेगी।

सन्दर्भ :–

1–ऋग्वेद–10.90.12
2– श्रीमद्भगवद्गीता 4.13
3–ऋग्वेद –10.105.5
4– ऐतरेय ब्राह्मण–35.2
5– वैशेषिक सूत्र–1.1.2
6–तैत्तिरीय आरण्यक–10.36
7–वाल्मीकि रामायण–2.21.56
8–नारदस्मृति
9–श्रीमद्भगवद्गीता–7.11
10– मंगल प्रार्थना
11–गरुण पुराण–35.51
12–हितोपदेश–1.69
13–नीतिशतक–58
14–मनुस्मृति–3.56
15–श्वेताश्वतरोपनिषद्–6.11
16–महाभारत–अनुशासन पर्व.115.1
17–रामचरितमानस–उत्तर काण्ड.120
18–अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहाःयमाः
(पातंजल योगसूत्र–2.30)
19–महाभारत–वनपर्व.267.84
20–ईशावास्योपनिषद्–द्वितीय मंत्र

सन्दर्भ ग्रन्थ–सूची :–

1–ऋग्वेद–सायणभाष्य सहित महामना राजाराम शास्त्री तथा शिवराम शास्त्री गोरे(सम्पादक) 8खण्डों में बम्बई, गुजरात प्रिन्टिंग प्रेस 1882
2–श्रीमद्भगवद्गीता, गीताप्रेस गोरखपुर
3–ऐतरेय ब्राह्मण, तारा प्रिन्टिंग वर्क्स,सम्पादकानुवादक डॉ० सुधाकर मालवीय, वाराणसी,1983
4–वैशेषिक दर्शन, चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, वि.सं.2059
5–तैत्तिरीयारण्यकम्,चौखम्बा संस्कृत सिरीज वाराणसी।

6–नारदस्मृतिः,चौखम्बा संस्कृत संस्थान वाराणसी
7– गरुण पुराण,गीताप्रेस गोरखपुर
8–हितोपदेश, नारायण पण्डित,बनारस टाटा प्रेस 1981
9–वैराग्यशतकम्,भर्तृहरि, चौखम्बा विद्या भवन वाराणसी,2002
10–मनुस्मृति, आचार्य मनु,रणधीर प्रकाशन हरिद्वार,2010
11–श्वेताश्वतरोपनिषद्, गीताप्रेस गोरखपुर
12–महाभारतम्,महर्षि वेदव्यास, गीताप्रेस गोरखपुर
13– श्रीरामचरितमानस, गोस्वामी तुलसीदास जी ,गीताप्रेस गोरखपुर
14–योगसूत्र, महर्षि पतंजलि, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी,2002,पुनर्मुद्रण
15–ईशावास्योपनिषद्, गीताप्रेस गोरखपुर

शिक्षण एवं अधिगम में नवाचार

अच्युत कुमार यादव

सहायक आचार्य
शिक्षक शिक्षा विभाग
नेहरू ग्राम भारती (मानित विश्वविद्यालय)
प्रयागराज

सार

देश की शिक्षा प्रणाली एक संक्रमण काल में है जिसमें बड़ी संख्या में संस्थान दुनिया भर से नवीन शिक्षण–अधिगम प्रथाओं को अपना रहे हैं। किसी भी शिक्षक के सामने सबसे बड़ी चुनौती छात्रों का ध्यान आकर्षित करना और विचारों को इस तरह से प्रस्तुत करना है कि कक्षा छोड़ने के बाद भी यह उनके साथ लंबे समय तक बना रहे। शिक्षा में, छात्रों की प्रतिबद्धता, विषय के लिए रुचि, स्वयं के भीतर विश्वास, और ऊर्जा को शिक्षण प्रक्रिया में नवाचार के माध्यम से विकसित किया जा सकता है। छात्र के विकास के लिए ये गुण बहुत आवश्यक हैं। ऐसा होने के लिए, कक्षा के अनुभव को फिर से परिभाषित किया जाना चाहिए और शिक्षण सीखने के तरीकों को और अधिक प्रभावी बनाने वाले नूतन विचारों को लागू किया जाना चाहिए। तो यहां कुछ नवीन विचार दिए गए हैं जो शिक्षकों को उनके शिक्षण विधियों को सुदृढ़ करने और उनकी कक्षाओं को रोचक बनाने में मदद करेंगे। शैक्षिक संस्थानों में नवान्वेषी पद्धतियों के उपयोग से न केवल शिक्षा में सुधार होगा बल्कि लोगों को सशक्त बनाने, शासन को सुदृढ़ करने तथा देश के लिए मानव विकास लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रयासों को प्रेरित करने की भी क्षमता है।

की–वर्ड: नवाचार, शिक्षण एवं अधिगम, सीखना, शिक्षण विधियाँ।

आज कृत्रिम बुद्धि के समय में पूरे विश्व में प्रतिस्पर्धा अपने चरम पर है। कई देशों ने समझा है कि उन्हें अपनी राष्ट्रीय नवाचार रणनीतियों में शिक्षा के योगदान को बेहतर बनाने और स्वयं शिक्षा प्रणालियों को नया करने के लिए विशिष्ट नीति और निष्पादन रणनीतियों की आवश्यकता है, और शिक्षा खंड के लिए विशिष्ट राष्ट्रीय नवाचार रणनीतियों का निर्माण शुरू कर दिया है। शिक्षा क्षेत्र की नवाचार रणनीतियाँ शिक्षा प्रणाली में अनुसंधान, विकास, लक्षित नवाचार और ज्ञान प्रबंधन के लिए विशिष्ट रणनीतियों को एकीकृत करती हैं। लोग सीखने के लिए संघर्ष करते हैं, और कुछ नया सीखने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। शिक्षा का उद्देश्य न केवल पाठ्य पुस्तक को पढ़ाना और छात्रों को समझाना है बल्कि नवीन सोच, रचनात्मक वातावरण और

आत्मनिर्भरता का सृजन करना भी है इसलिए संस्थानों को शिक्षा में नवीन संचार विधियों को शामिल करना चाहिए जो अच्छा ज्ञान प्रदान कर सके। शिक्षण के नवीन तरीकों को खोजना भी एक महत्वपूर्ण कौशल है। पहले केवल किताबें शिक्षा, व्यक्तिगत अधिगम और व्यक्तिगत शिक्षण का स्रोत थीं। आज, यह शोध अध्ययनों के माध्यम से साबित हो गया है कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और कुशल बना सकती है।

उच्च शिक्षा में कुछ शिक्षण विधियां हैं जिनका उपयोग रचनात्मक तरीके, प्रदर्शन, चर्चा, कहानी सुनाना, रोल प्ले, विजिट, प्रोजेक्ट, प्रयोगशाला, असाइनमेंट, क्विज, समस्या समाधान, संवाद, प्रश्न उत्तर, संगोष्ठी और सम्मेलन विधि, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के साथ व्याख्यान, फ्लिप क्लास, ऑडियो और वीडियो प्रस्तुतियों के साथ व्याख्यान, ऑनलाइन शिक्षण आदि के साथ किया जाता रहा है, लेकिन केवल सीमित संख्या में शिक्षक और संस्थान ही नियमित रूप से इन तरीकों का उपयोग कर रहे हैं। छात्रों की सक्रिय भागीदारी, धारणा और संज्ञानात्मक विकास को बढ़ाने के लिए शिक्षण और अधिगम के एक नए प्रतिमान की आवश्यकता है। नवीन और प्रभावी शिक्षण विधियों के माध्यम से पाठ्य शिक्षण सामग्री का दृश्य शिक्षण सामग्री में हस्तांतरण अधिगम में अधिक प्रभावशाली है।

शिक्षा में, छात्रों का ध्यान के प्रति लगाव, जिज्ञासा, रुचि, आशावाद और जुनून को संदर्भित करता है जो छात्र तब दिखाते हैं जब वे सीख रहे होते हैं या पढ़ाए जा रहे होते हैं, जो प्रेरणा के स्तर तक फैली हुई है जिसे उन्हें अपनी शिक्षा में सीखना और प्रगति करना है। जब छात्र पढ़ाए जा रहे पाठ से जुड़े होते हैं, तो वे अधिक सीखते हैं और अधिक समय तक तथ्यों को याद रखते हैं। जो छात्र काम में लगे होते हैं वे अधिक सक्रिय बने रहते हैं और काम पूरा करने में खुशी पाते हैं। इसलिए उनकी कक्षाओं को रोचक बनाए रखना चाहिए। यहां कुछ नवीन विचार दिए गए हैं जो शिक्षकों को उनके शिक्षण विधियों को सुदृढ़ करने और उनकी कक्षाओं को रोचक बनाने में मदद करेंगे।

शिक्षण में नवाचार

शिक्षण में नवाचार का अर्थ होता है, शिक्षक की रचनात्मकता और नवीनता जो शिक्षण की शैली और विधि को बदल देती है। पूरी दुनिया में, शिक्षण संस्थान छात्रों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए नए विचारों, विधियों, प्रौद्योगिकी आधारित नवाचारों को लागू करते हैं। शिक्षा के वर्तमान और भविष्य के लिए नवीन शिक्षण आवश्यक है ताकि छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद मिल सके। उच्च शिक्षा को छात्र की दीर्घकालिक बौद्धिक आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए, उदाहरण के लिए, क्या शिक्षकों द्वारा नई सामग्री प्रदान करने से छात्र को नई अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में मदद मिली या बौद्धिक उत्तेजना के नए चौनल खोले गए या छात्र की आवश्यक और रचनात्मक सोच शक्ति को बढ़ाया गया? नई पीढ़ियों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा

करने के लिए सभी शिक्षकों के लिए नूतन शिक्षण एक आवश्यकता है। हालांकि, नूतन शिक्षण के लिए शिक्षकों की योग्यता अभिनव शिक्षण प्रदर्शन को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण कारक है। कुछ शोध बताते हैं कि कई शिक्षकों में नवीन शिक्षण के लिए दक्षताओं की कमी है।

उद्देश्यः

- कक्षा में शिक्षण के नवीन और प्रभावी तरीकों को बढ़ावा देना।
- छात्रों को पढ़ाने में सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना।
- प्रभावी शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी के उपयोगों को बढ़ावा देना।
- स्वतंत्र, आलोचनात्मक और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देने के माध्यम से शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया में तेजी लाना।
- शिक्षण अधिगम के लिए सहायक के रूप में नवीनतम तकनीकी उपकरणों को शामिल करने वाले कौशल के विकास को सक्षम करना।
- शिक्षण और सीखने की वृद्धि से संबंधित संसाधनों और घटनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना।
- स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा सर्वोत्तम शिक्षण अधिगम अनुभव साझा करना।
- शिक्षा के लिए स्वतंत्र और अनिवार्य अधिकार प्राप्त करने के लिए शिक्षण और सीखने को सुखद और दिलचस्प बनाना।

नवीन शिक्षण विधियाँ

1. कार्य के प्रति लगाव

आप अपना सर्वश्रेष्ठ तभी दे सकते हैं जब आप वास्तव में जो कार्य करते हैं उससे प्रेम करते हैं। अपने काम से प्रेम करना आपको आराम देता है और जब आप तनावग्रस्त नहीं होंगे तो आप अधिक रचनात्मक और नए विचारों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित होंगे।

2. ऑडियो और वीडियो उपकरण

अपने सत्रों में ऑडियो–विजुअल सामग्री शामिल करें। मॉडल, फिल्मस्ट्रिप्स, फिल्मों और सचित्र सामग्री के साथ पाठ्यपुस्तकों को पूरक करें। इन्फो ग्राफिक्स या अन्य माइंड मैपिंग और ब्रेन मैपिंग टूल का उपयोग करें जो उनकी कल्पना को पनपने और बढ़ने में मदद करेंगे। ये तरीके न केवल सुनने की उनकी क्षमता विकसित करेंगे, बल्कि उन्हें अवधारणाओं को बेहतर ढंग से समझने में भी मदद करेंगे। उदाहरण के लिए, आप कुछ मौखिक इतिहास सामग्री प्राप्त कर सकते हैं, लाइव ऑनलाइन चर्चा कर सकते हैं या सार्वजनिक व्याख्यान की प्लेबैक रिकॉर्डिंग कर

सकते हैं। प्रीस्कूलर के लिए बहुत सारे स्मार्ट ऐप हैं जिनका उपयोग आप स्लाइडशो या प्रस्तुतियाँ बनाने के लिए कर सकते हैं।

3. मंथन

अपनी कक्षाओं में विचार–मंथन सत्रों के लिए समय निकालें। ये सत्र रचनात्मक रस प्रवाहित करने का एक शानदार तरीका हैं। जब आपके पास एक ही विचार पर ध्यान केंद्रित करने वाले कई दिमाग होते हैं, तो आप निश्चित रूप से कई विचार प्राप्त करेंगे और सभी को चर्चा में शामिल करेंगे। ये सत्र छात्रों के लिए सही या गलत की चिंता किए बिना अपने विचारों को व्यक्त करने का एक बेहतरीन मंच होगा। शुरू करने से पहले कुछ बुनियादी नियम सेट करें। आप सरल विचार–मंथन या समूह विचार–मंथन या युग्मित विचार–मंथन के लिए जा सकते हैं।

4. कक्षा के बाहर कक्षाए

कुछ सबक सबसे अच्छे से सीखे जाते हैं, जब उन्हें कक्षा के बाहर पढ़ाया जाता है। फील्ड ट्रिप व्यवस्थित करें जो सीखने के लिए प्रासंगिक हों या छात्रों को कक्षा के बाहर टहलने के लिए ले जाएं। बच्चों को यह ताजा और रोमांचक लगेगा और वे तेजी से सिखाई गई चीजों को सीखेंगे और याद रखेंगे। लगभग किसी भी आयु वर्ग के छात्रों के लिए भूमिका निभाना सबसे प्रभावी है। आपको बस आयु वर्ग के आधार पर अनुकूलित करने की आवश्यकता है। आप प्रीस्कूलर को पढ़ाने के लिए भी इस पद्धति का उपयोग कर सकते हैंय बस सुनिश्चित करें कि आप उनके सीमित ध्यान अवधि को पकड़ने के लिए इसे पर्याप्त सरल रखें।

शिक्षण में नवाचार का अर्थ है, शिक्षक की रचनात्मकता और नवीनता जो शिक्षण की शैली और विधि को बदल देती है। शिक्षण संस्थान छात्रों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए नए विचारों, विधियों, प्रौद्योगिकी आधारित नवाचारों को लागू करते हैं।

नई पीढ़ियों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सभी शिक्षकों के लिए नूतन शिक्षण एक आवश्यकता है। हालांकि, नूतन शिक्षण के लिए शिक्षकों की योग्यता अभिनव शिक्षण प्रदर्शन को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण कारक है।

5. रोल प्ले

रोल प्ले के माध्यम से शिक्षण बच्चों को उनके आराम क्षेत्र से बाहर निकलने और उनके पारस्परिक कौशल को विकसित करने का एक शानदार तरीका है। यह विधि काम आती है, खासकर जब आप साहित्य, इतिहास या वर्तमान घटनाओं को पढ़ा रहे हों। भूमिका निभाने का दृष्टिकोण छात्र को यह समझने में मदद करेगा कि शैक्षणिक सामग्री उसके रोजमर्रा के कार्यों के लिए कैसे प्रासंगिक होगी।

6. नए विचारों का स्वागत करें

एक खुले दिमाग वाला रवैया आपको नई शिक्षण विधियों को नया करने में मदद कर सकता है। हालांकि खुले विचारों वाले, कभी–कभी हम में से अधिकांश नए विचारों के प्रति

अनिच्छा दिखाते हैं। यदि आप एक शिक्षक हैं, तो ऐसा कभी न करें, हमेशा नए विचारों को स्वीकार करने का प्रयास करें, भले ही शुरुआत में यह अजीब लगे।

7. पहेलियाँ और खेल

सीखना मजेदार है जहां पहेलियाँ और खेल शिक्षा का हिस्सा हैं। बच्चों को यह महसूस नहीं हो सकता है कि वे सीख रहे हैं जब उनके पाठ खेल के माध्यम से पेश किए जाते हैं। पहेलियाँ और खेल बच्चों को रचनात्मक रूप से सोचने और चुनौतियों का सामना करने में मदद करते हैं।

8. रचनात्मकता पर पुस्तकें देखें

एक रचनात्मक शिक्षक बनने के लिए, आपको रचनात्मक विचारों और तकनीकों पर कुछ शोध करने की आवश्यकता है। रचनात्मकता पर बहुत सारी किताबें हैं। कुछ बेहतरीन कार्यों को चुनें और सीखना शुरू करें, यह आपके व्यावसायिक विकास के लिए भी सहायक होगा।

9. एक कहानी की तरह सबक का परिचय दें

जरा सोचिए, आप ज्यादा दिलचस्पी के साथ फिल्में क्यों देखते हैं? आप फिल्में देखना पसंद करते हैं क्योंकि आपको व्यस्त रखने के लिए हमेशा एक दिलचस्प कहानी होती है। उस तरह, सीखने के सत्र अधिक दिलचस्प हो जाते हैं जब आप इसे एक कहानी की तरह पेश करते हैं। यदि आप रचनात्मक हैं, तो गणित के पाठ भी दिलचस्प कहानियों से संबंधित हो सकते हैं। यहां तक कि ज्ञान और मानव विकास प्राधिकरण ने स्कूलों पर शिक्षण और सीखने की गुणवत्ता में सुधार के उपाय करने पर जोर दिया है, ये नवीन विचार शिक्षण विधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निश्चित हैं।

अभिनव सीखने के तरीके

1. क्रॉसओवर लर्निंग

अनौपचारिक सेटिंग्स में सीखना, जैसे कि संग्रहालय और स्कूल के बाद के क्लब, शैक्षिक सामग्री को उन मुद्दों से जोड़ सकते हैं जो शिक्षार्थियों के लिए उनके जीवन में महत्वपूर्ण हैं। ये कनेक्शन दोनों दिशाओं में काम करते हैं। स्कूलों और कॉलेजों में सीखना रोजमर्रा की जिंदगी के अनुभवों से समृद्ध हो सकता हैय कक्षा से प्रश्न और ज्ञान जोड़कर अनौपचारिक शिक्षा को गहरा किया जा सकता है। ये जुड़े अनुभव सीखने के लिए और रुचि और प्रेरणा जगाते हैं। एक प्रभावी तरीका एक शिक्षक के लिए कक्षा में एक प्रश्न का प्रस्ताव और चर्चा करना है, फिर शिक्षार्थियों के लिए संग्रहालय की यात्रा या क्षेत्र की यात्रा पर उस प्रश्न का पता लगाने के लिए, सबूत के रूप में फोटो या नोट्स एकत्र करना, फिर व्यक्तिगत या समूह उत्तर तैयार करने के लिए कक्षा में अपने निष्कर्षों को साझा करना। ये क्रॉसओवर सीखने के अनुभव दोनों वातावरणों की ताकत का फायदा उठाते हैं और शिक्षार्थियों को सीखने के लिए प्रामाणिक और आकर्षक

अवसर प्रदान करते हैं। चूंकि सीखना जीवन भर में होता है, इसलिए कई सेटिंग्स में अनुभवों पर ड्राइंग, व्यापक अवसर शिक्षार्थियों को रिकॉर्डिंग, लिंकिंग, याद करने और उनकी विविध सीखने की घटनाओं को साझा करने में सहायता करना है।

2. तर्क के माध्यम से सीखना

छात्र पेशेवर वैज्ञानिकों और गणितज्ञों के समान तरीके से बहस करके विज्ञान और गणित की अपनी समझ को आगे बढ़ा सकते हैं। तर्क छात्रों को विपरीत विचारों में भाग लेने में मदद करता है, जो उनके सीखने को गहरा कर सकता है। यह सभी के सीखने के लिए तकनीकी तर्क को सार्वजनिक करता है। यह छात्रों को दूसरों के साथ विचारों को परिष्कृत करने की भी अनुमति देता है, इसलिए वे सीखते हैं कि वैज्ञानिक दावों को स्थापित करने या खंडन करने के लिए एक साथ कैसे काम करते हैं। शिक्षक छात्रों को ओपन–एंडेड प्रश्न पूछने, अधिक वैज्ञानिक भाषा में टिप्पणियों को फिर से बताने और स्पष्टीकरण बनाने के लिए मॉडल विकसित करने और उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करके कक्षाओं में सार्थक चर्चा शुरू कर सकते हैं। जब छात्र वैज्ञानिक तरीकों से बहस करते हैं, तो वे सीखते हैं कि कैसे मोड़ लेना है, सक्रिय रूप से सुनना है, और दूसरों को रचनात्मक रूप से जवाब देते हैं। व्यावसायिक विकास शिक्षकों को इन रणनीतियों को सीखने और चुनौतियों को दूर करने में मदद कर सकता है, जैसे कि छात्रों के साथ अपनी बौद्धिक विशेषज्ञता को उचित रूप से कैसे साझा किया जाए।

3. आकस्मिक अधिगम

आकस्मिक अधिगम अनियोजित या अनजाने में अधिगम है। यह एक ऐसी गतिविधि को अंजाम देते समय हो सकता है जो सीखी गई गतिविधि से असंबंधित प्रतीत होती है। इस विषय पर प्रारंभिक शोध से पाया गया कि लोग अपने कार्यस्थलों पर अपने दैनिक दिनचर्या में कैसे सीखते हैं। कई लोगों के लिए, मोबाइल उपकरणों को उनके दैनिक जीवन में एकीकृत किया गया है, जो प्रौद्योगिकी समर्थित आकस्मिक सीखने के कई अवसर प्रदान करता है। औपचारिक शिक्षा के विपरीत, आकस्मिक शिक्षा का नेतृत्व शिक्षक द्वारा नहीं किया जाता है, न ही यह एक संरचित पाठ्यक्रम का पालन करता है, या औपचारिक प्रमाणन में परिणाम होता है। हालांकि, यह आत्म–प्रतिबिंब को ट्रिगर कर सकता है और इसका उपयोग शिक्षार्थियों को फिर से तैयार करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए किया जा सकता है जो अन्यथा अधिक सुसंगत और दीर्घकालिक सीखने की यात्रा के हिस्से के रूप में अलग–अलग सीखने के टुकड़े हो सकते हैं।

4. वैज्ञानिक तरीके से सीखना (दूरस्थ प्रयोगशालाओं के साथ)

दूरस्थ प्रयोगशाला प्रयोगों या दूरबीनों को नियंत्रित करने जैसे प्रामाणिक वैज्ञानिक उपकरणों और प्रथाओं के साथ संलग्न होने से विज्ञान पूछताछ कौशल का निर्माण हो सकता है, वैचारिक समझ में सुधार हो सकता है और प्रेरणा बढ़ सकती है। वैज्ञानिकों और विश्वविद्यालय

के छात्रों के लिए पहले विकसित किए गए विशेष उपकरणों तक दूरस्थ पहुंच, अब प्रशिक्षु शिक्षकों और स्कूली छात्रों के लिए विस्तार कर रही है। एक दूरस्थ प्रयोगशाला में आमतौर पर उपकरण या उपकरण, इसे संचालित करने के लिए रोबोटिक हथियार और कैमरे होते हैं जो प्रयोगों के दृश्य प्रदान करते हैं जैसे वे प्रकट होते हैं। रिमोट लैब सिस्टम शिक्षकों के लिए उपयोगकर्ता के अनुकूल वेब इंटरफेस, पाठ्यक्रम सामग्री और व्यावसायिक विकास प्रदान करके भागीदारी के लिए बाधाओं को कम कर सकते हैं। उचित समर्थन के साथ, दूरस्थ प्रयोगशालाओं तक पहुंच शिक्षकों और छात्रों के लिए व्यावहारिक जांच और प्रत्यक्ष अवलोकन के अवसरों की पेशकश करके समझ को गहरा कर सकती है जो पाठ्यपुस्तक सीखने के पूरक हैं। दूरस्थ प्रयोगशालाओं तक पहुंच भी ऐसे अनुभवों को स्कूल की कक्षा में ला सकती है। उदाहरण के लिए, छात्र दिन के स्कूल विज्ञान कक्षाओं के दौरान रात के आकाश का अवलोकन करने के लिए एक उच्च–गुणवत्ता, दूर की दूरबीन का उपयोग कर सकते हैं।

5. सन्निहित शिक्षा

सन्निहित सीखने में सीखने की प्रक्रिया का समर्थन करने के लिए एक वास्तविक या नकली दुनिया के साथ बातचीत करने वाले शरीर की आत्म–जागरूकता शामिल है। सन्निहित सीखने में, उद्देश्य यह है कि मन और शरीर एक साथ काम करते हैं ताकि शारीरिक प्रतिक्रिया और क्रियाएं सीखने की प्रक्रिया को सुदृढ़ करें। इसकी सहायता के लिए प्रौद्योगिकी में पहनने योग्य सेंसर शामिल हैं जो व्यक्तिगत भौतिक और जैविक डेटा इकट्ठा करते हैं, दृश्य प्रणाली जो आंदोलन को ट्रैक करती है, और मोबाइल डिवाइस जो झुकाव और गति जैसे कार्यों का जवाब देते हैं। इस दृष्टिकोण को भौतिक विज्ञान के पहलुओं जैसे घर्षण, त्वरण और बल की खोज के लिए लागू किया जा सकता है, या अणुओं की संरचना जैसी नकली स्थितियों की जांच करने के लिए। इस पत्र में छात्रों को अपने कौशल को प्रशिक्षित करने का एक नया तरीका देकर कक्षा में नवीन शिक्षण और सीखने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। शिक्षकों को कक्षा में नई विधि प्रौद्योगिकी को अपनाने और सामग्री को संशोधित करने के लिए मल्टीमीडिया का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना। यह शिक्षक को पाठ्यवस्तु को अधिक सार्थक तरीके से प्रस्तुत करने में मदद करेगा। नए तरीकों को शामिल करके, छात्रों को अधिक ध्यान देने और जानकारी को बेहतर बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जाता है। शिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्र के दिमाग में सूचना या ज्ञान को पारित करना है। शिक्षण संचार के सफल तरीके पर निर्भर करता है। अभिनव, शिक्षकों और शिक्षार्थियों को एक दूसरे की आवश्यकता पूर्ति में सहायक होती है।

<u>सन्दर्भ ग्रन्थ–सूची</u> :–

- अग्रवाल, जे. सी. (2013), शैक्षिक तकनीकी एवं प्रबन्ध, अग्रवाल पब्लिकेशन्स, आगरा।

- पाठक, पी० डी० (2018), शिक्षण के सिद्धान्त एवं विधियाँ, श्री विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।
- मालवीय, राजीव (2014), शिक्षा के नूतन आयाम, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
- मालवीय, राजीव (2017), शिक्षा में नवाचार एवं आधुनिक प्रवृत्तियाँ, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
- मालवीय, राजीव (2013), शैक्षिक तकनीकी एवं प्रबन्ध, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
- योगेन्द्रजीत, भाई (2019), शिक्षा में नवाचार, अग्रवाल पब्लिकेशन्स, आगरा।
- Siddiqui, Hena (2018), Innovations & New Trends in Education, Agrawal Publications, Agra.

साहित्यिक शोध – अर्थ – स्वरूप एवं क्षेत्र

डॉ0 वर्षा रानी

असि. प्रो. संस्कृत – विभाग,
डॉ. भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय
आगरा

सहितस्य भाव साहित्यम अर्थात सहित का भाव होना ही साहित्य है। आचार्य विश्वनाथ के अनुसार वाक्यम रसात्मक काव्यम[1] (रसात्मक वाक्य ही काव्य है)। महावीर प्रसाद के शब्दों में अंतःकरण की वृत्तियों का चित्र काव्य[2] है। साहित्यिक शब्द साहित्य+इक प्रत्यय[3] के योग से बना है। मानव जाति सृष्टि के आरंभ से ही शोध शील रही है। यह शोध शीलता की मूल प्रवृत्ति ही विविध ज्ञान–विज्ञान और उसे प्रसूत प्रगति का स्रोत है। वास्तव में शोध शब्द का प्रयोग पाश्चात्य देशों में प्रयुक्त रिसर्च शब्द के पर्याय के रूप में होता है। विषय के विश्लेषण विवेचन कि जिस वैज्ञानिक पद्धति को अपनाकर पाश्चात्य देशों के विश्वविद्यालयों में रिसर्च का कार्य होता था उसी का अनुकरण करते हुए भारतीय विश्वविद्यालयों में भी शोध कार्य प्रारंभ किया गया है।

संप्रति रिसर्च के पर्याय के रूप में सर्वाधिक प्रचलित एवं सर्वस्वीकृत शब्द 'शोध' ही है शोध शब्द शुध् धातु में घय्य प्रत्यय लगाने से बनता है शुध् धातु का अर्थ होता है – सुधारना, शंकाओं का निवारण करना, शुध करना इस से निर्मित संज्ञा श्शोधन" का अर्थ है शुद्ध या पवित्र करना, दुरुस्त करना, छानबीन, जांच, अनुसंधान। शोधन में सम् उपसर्ग के संयोग से संशोधन शब्द निर्मित होता है, जिसका कोशगत अर्थ है– शुद्ध करना, सुधारना, संस्कार करना इस प्रकार स्पष्ट है कि शोध में शोधन और संशोधन के साथ–साथ अनुसंधान के निहितार्थ भी भली प्रकार समाहित है। शुद्ध शब्द संस्कार परिष्कार के आशय के साथ–साथ खोजने, मनन–चिंतन करने, जांचने, परखने के अभिप्राय को भी अपने लघु कलेवर में समेटे हुए है।

हिंदी में 'शोध' शब्द स्थूल खोजने की क्रिया से लेकर सूक्ष्म चिंतन–मनन और परीक्षण की क्रियाओं तक के आशयों को समाहित किए हुए हैं गोस्वामी तुलसीदास ने खोजने की स्थूल क्रिया के लिए शोध के तद्भव रूप 'सोध' का प्रयोग करते हुए लिखा है– सीय सोध कपि भालु सब,बिदा किये रघुनाथ। गोस्वामी जी ने इसे खोज के संज्ञा दृ रूप में प्रयुक्त करते हुए लिखा है अब लगि नहिं सिय सोधु लहयो है। उन्होंने सुक्षम चिंतन–मनन, मंथन आदि के अर्थ में भी इस शब्द का व्यवहार किया है। तात धरम मत तुम सब सोधा * में शोधन का यही सूक्ष्म रूप विद्यमान है।[4]

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर यह ज्ञात होता है कि शोध शब्द पर्याप्त प्राप्त सामग्री के परिष्कार या संशोधन तक ही सीमित नहीं है अपितु यह तथ्यों की खोज और तत्वों के चिंतन–मनन के अर्थ का भी द्योतक है।

साहित्यिक शोध का स्वरूप वैज्ञानिक और समाजशास्त्रीय शोध की अपेक्षा अधिक जटिल होता है। साहित्य की स्वरूपगत जटिलता साहित्यिक शोध की जटिलता का मूल कारण होती है। जहां, विज्ञान का बोध भौतिक है, समाज समाज शास्त्रों का बोध वैचारिक है, वहां साहित्य का बोध भौतिकता और वैचारिकता से आगे अनुभूतिपरक है, जिसमें विचार या चिंतन के साथ–साथ भावना और कल्पना का भी सामंजस्य रहता है। इस संबंध में डॉ नगेंद्र का मंतव्य है कि साहित्य में आत्मा की प्रधानता है। अतः साहित्य के अध्ययन में आत्म तत्व का बहिष्कार कर एकांत वस्तुपरक अध्ययन की संभावना नहीं की जा सकती। इस प्रकार का अध्ययन वस्तु से उलझकर जड़ बन जाएगा क्योंकि साहित्य तत्वत–वस्तु नहीं अनुभूति है। इसलिए साहित्यिक शोध के लिए शोधक में ज्ञान–वृत्ति के साथ–साथ सृजन, सौंदर्य और संस्कृति की पोषक भाव–का समुचित संयोग भी अभीष्ट है। अर्थात बौद्धिक विश्लेषण क्षमता के साथ–साथ सौंदर्य ग्राही सृजनात्मक प्रतिभा का होना भी आवश्यक है। साहित्य का कलात्मक प्रभाव भावात्मक होता है। उसका लक्ष्य लोकरंजन तथा लोकमंगल है। साहित्यिक शोध में भी लोक मंगल की प्रेरणा निहित रहती है। शोधक अनेक बार ऐसे तथ्यों या तत्वों की खोज करता है जिनसे सांप्रदायिक, धार्मिक, राजनीतिक संकीर्णतों और भेदभावों के उन्मूलन की प्रेरणा मिलती है तथा भावात्मक एकता और सांप्रदायिक सामंजस्य का पथ प्रशस्त होता है। डॉक्टर मलिक मोहम्मद का 'वैष्णव भक्ति आंदोलन का अध्ययन' तथा डॉ. निजामुद्दीन का हिंदी में 'राम भक्ति संबंधी महाकाव्यों का अध्ययन' इसी प्रकार के शोधात्मक प्रयास है।

साहित्यिक शोध का क्षेत्र

साहित्य की विकास प्रक्रिया के पांच सामान्य सूत्र निर्धारित किए गए हैं –

1. साहित्यकार की सृजनात्मक प्रतिभा
2. परंपरा
3. परिवेश
4. द्वंद
5. संतुलन[5]

इन उपर्युक्त तत्वों के आधार पर साहित्य के विकास की प्रक्रिया रचनाकार की प्रतिभा की रचनात्मक ऊर्जा से अनुप्रणित रहती है। किसी भी रचनाकार की प्रतिभा को परंपरा के आदर्शात्मक तत्वो और परिवेश की यथार्थ समस्याओं के द्वंद से गुजरना पड़ता है और अंत में आदर्श और यथार्थ में सामंजस्य संतुलन स्थापित होता चलता है, किंतु संतुलन के बाद फिर नया द्वंद प्रारंभ हो जाता है और नया चक्र चलता रहता है।

डॉ हरिश्चंद्र शर्मा अपनी पुस्तक शोध प्रविधि मैं प्रबुद्ध एवं पारदर्शी प्रतिभा वाले शोधार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए साहित्य इतिहास क्षेत्र में शोध की अनेकानेक संभावनाएं बताते हुए विभिन्न आयाम प्रस्तुत करते हैं–

कृतिकारों और कृतियों की खोज

इस वर्ग मैं अज्ञात या फिर अल्प ज्ञात कवियों के जीवन वृत्त तथा कृतियों एवं पांडुलिपियों की खोज, संपादन के साथ–साथ युग प्रवर्तक साहित्यकारों के ऐतिहासिक महत्व और योगदान का मूल्यांकन आदि शोध के विषय समाहित है।

प्रेरणा स्रोतों और प्रभावों का अध्ययन

इस वर्ग में संत, सूफी, कृष्ण, राम, रीति से संबंधित परंपराओं या धाराओं के प्रेरणा स्रोतों के साथ–साथ स्वदेशी और विदेशी धाराओं के प्रभाव का अध्ययन समाहित है।

विकासात्मक अध्ययन

इस वर्ग में सभी परंपराओं तथा धाराओं का प्रथक प्रथक प्रारंभ से अब तक का विकासात्मक अध्ययन, रहस्यवाद,

छायावाद, प्रगतिवाद आदि तत्वों का विकासात्मक अध्ययन, अद्वैत, शुद्धाद्वैत, विशिष्टद्गैत, द्वैत, अद्वैत आदि चिंतनों का विकासात्मक अध्ययन, दूत काव्य, नीति काव्य, बारहमाह, महाकाव्य, खंडकाव्य, मुक्तक काव्य, उपन्यास, नाटक, कहानी आदि गद्य विधाओं का पृथक पृथक विकासात्मक अध्ययन समाविष्ठ है ।

युगीन परिवेश, साहित्य और प्रवृत्तियों का अध्ययन

इस वर्ग में प्रत्येक युग के परिवेश, साहित्य और प्रवृत्तियों के निरूपण से संबंधित युगीन इतिहास के साथ–साथ युग युगीन अखंड इतिहास के लेखन और पुनर्लेखन की आवश्यकता सदैव बनी रहेगी ।

भाषा और शिल्प के विकास का अध्ययन

अपभ्रंश, अवधी, मैथिली भाषा, ब्रजभाषा , राजस्थानी , खड़ी बोली आदि काव्य भाषाओं के विकासात्मक अध्ययन के साथ– साथ काव्य रूपों, छंदों , अलंकारों आदि के विकास का अध्ययन क्षेत्र समाहित है ।

विभिन्न युगों, परंपराओं, कवियों, कृतियों, प्रवृत्तियों आदि का तुलनात्मक अध्ययन[6]

उपर्युक्त सभी आयाम शोध के लिए नए विषय प्रस्तुत करते हैं । वास्तव में साहित्य ऐतिहासिक शोध का लक्ष्य तथ्य आख्यान के माध्यम से साहित्यिक कृतियों के ऐतिहासिक क्रम में निहित उस सांस्कृतिक चेतना की खोज करना है जो पूरी साहित्यिक श्रृंखला को एक सूत्र में गुम्फित करती है। विभिन्न युगों की प्रस्तुति और परिवेश की विभिन्नताओं के रहते हुए भी किसी देश या समाज के साहित्य की केंद्रीय चेतना एक ही रहती है।

काव्यशास्त्रीय शोध

काव्यशास्त्र काव्य और साहित्य का दर्शन तथा विज्ञान है। यह काव्य कृतियों के विश्लेषण के आधार पर समय– समय पर उद्धावित सिद्धांतों की ज्ञान राशि है। काव्यशास्त्र के लिए पुराने नाम साहित्य शास्त्र का अलंकार शास्त्र है साहित्य के व्यापक रचनात्मक वांग्मय को समेटने पर इसे समीक्षा शास्त्र भी कहा जाने लगा[7]। यह दर्शनशास्त्र की भांति ही सूक्ष्म और गहन है। परंपराओं का अखंड सातत्य भारतीय चिंतन की सामान्य विशेषता है। रस चिंतन की जिस परंपरा का विकास आचार्य भरत से हुआ था वही आनंद वर्धन, अभिनव गुप्त, मम्मट, विश्वनाथ, पंडित राज जगन्नाथ से होती हुई आचार्य रामचंद्र शुक्ल, डॉ नगेंद्र आदि तक अखंड रूप में अग्रसर होती रही। इतना ही नहीं अलंकारवादियों, रीतिवादियों, वक्रोक्ति वादियों आदि ने भी रस को

अपने चिंतन का विषय बनाया और इसे उचित महत्ता भी प्रदान की इस प्रकार काव्य सिद्धांतों के आचार्य ने वस्तुनिष्ठ तथा तर्क सम्मत दृष्टि से काव्य के केंद्रीय सृजनात्मक तत्व का अनुसंधान किया। कवि के उस मौलिक सृजनातक सौंदर्य या चारुत्व को ही भामह, दंडी आदि आचार्यों ने अलंकार, आचार्य कुंतक ने वक्रोक्ति, आचार्य वामन ने रीति तथा आचार्य आनंदवर्धन ने ध्वनि नाम से अभिहित किया है। यह सभी आचार्य अपने मत की प्रतिष्ठा के लिए दूसरे मतों को स्वमत में समाहित करके अपने मत की सर्वांगीणता सिद्ध करते दिखाई पड़ते हैं।

इस प्रकार समस्त भारतीय काव्यशास्त्र चिंतन में अनेकता में एकता और एकता में अनेकता के दर्शन होते हैं। रीति, अलंकार, वक्रोक्ति, ध्वनि के दर्शन होते हैं। रीति, अलंकार, वक्रोक्ति, ध्वनि, औचित्य काव्य के सत्य है तो रस सब सत्यो का भी सत्य है।

रस सिद्धांत काव्य– संवेदना और लोक संवेदना में तादात्म्यखोज करता है। अतः इसकी दृष्टि काव्य सापेक्ष के साथ–साथ लोक सापेक्ष भी है। रस सिद्धांत अपने चिंतन में सर्वाधिक जनतांत्रिक है किंतु यह भी स्मरणीय है कि अलंकार रीति, वक्रोक्ति, ध्वनि के बिना सरस काव्य की सृष्टि संभव नहीं है। अतः इसकी सत्ता और महत्ता भी सर्वथा स्वीकार्य है। काव्य शास्त्रीय शोध में भारतीय काव्यशास्त्र के साथ पाश्चात्य काव्यशास्त्र भी समाहित है। वर्तमान भारतीय काव्यशास्त्र है चिंतन पर पाश्चात्य काव्यशास्त्र चिंतन का प्रचुर प्रभाव पड़ा है। ऐसी स्थिति में प्रभाव निरूपक शोध साथ ही तुलनात्मक शोध के भी नए आयाम उद्घाटित हुए हैं।[8]

साहित्यिक शब्द साहित्य+इक प्रत्यय के योग से बना है। साहित्यिक शोध के विभिन्न आयामों, पद्धतियों के माध्यम से अनुसंधानकर्ता को शोध के लिए नए विषय के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने और शोध प्रविधि का चयन करने में सहायता प्राप्त होगी । साथ ही साहित्यिक शोध का मनोविज्ञान, राजनीतिक शास्त्र, सौंदर्यशास्त्र, दर्शन आदि अन्य दृष्टियां भी यथा स्थान अभिव्यक्ति का माध्यम होती है। इस प्रकार शोधक कृति में निहित समग्र जीवन दर्शन को भी अपने शोध का आधार बना सकता है।

काव्यशास्त्रीय शोध क्षेत्र को दृष्टिकोण में रखते हुए डॉ हरिश्चंद्र वर्मा ने अपनी पुस्तक शोध प्रवृत्ति में लिखा है कि काव्यशास्त्र शोध क्षेत्र को 3 वर्गों में बांट जा सकता है –

1. भारतीय काव्यशास्लीय अध्ययन
2. भारतीय और पाश्चात्य काव्यशास्त्र का तुलनात्मक अध्ययन
3. किसी कृति का काव्य शास्त्रीय अध्ययन

1. भारतीय काव्यशास्त्र के अध्ययन के अंतर्गत अलंकार रीति, वक्रोक्ति, ध्वनि, रस, औचित्य नायक संप्रदायों का अलग–अलग विकासात्मक अध्ययन और मूल्यांकन किया जा सकता है

- सभी भारतीय काव्यशास्त्र के सिद्धांतों के रस सिद्धांतों के रस चिंतन का तुलनात्मक अध्ययन कर सकते हैं
- भारतीय काव्यशास्त्र सिद्धांतों का तुलनात्मक अध्ययन
- भारतीय काव्यशास्त्र की दृष्टि में काव्य का स्वरूप
- भारतीय काव्यशास्त्र चिंतन के दो सीमांत लोक और अध्यात्म

रस सिद्धांत का सौंदर्यशास्त्र, मनोविज्ञान, नीति शास्त्र, संस्कृति आदि आनंद विधावर्ती दृष्टियो से अध्ययन (यथा– रस और सौंदर्यशास्त्र, रस और मनोविज्ञान आदि)

भारतीय काव्यशास्त्र संप्रदाय के विकास का वैज्ञानिक इतिहास (भारतीय काव्यशास्त्र का वैज्ञानिक इतिहास)

2. भारतीय तथा पाश्चात्य काव्यशास्त्र के तुलनात्मक के अध्ययन अंतर्गत विभावन व्यापार और काव्य बिंब को शोध विषय बनाया जा सकता है

- साधारणीकरण और संप्रेषगुणीयता का सिद्धांत
- रीति सिद्धांत और शैली विज्ञान
- ध्वनि सिद्धांत और प्रतीक योजना
- भारतीय तथा पाश्चात्य काव्य की दृष्टि में काव्य का स्वरूप (काव्यानुभूति, काव्य भाषा, काव्य प्रयोजन आदि)
- भारतीय काव्यशास्त्र चिंतन पर पाश्चात्य काव्यशास्त्र का प्रभाव
- भारतीय तथा पाश्चात्य काव्यशास्त्र का तुलनात्मक अध्ययन

2. किसी कृति काव्यशास्त्र की दृष्टि से अध्ययन के अंतर्गत किसी एक रचना या किसी एक कवि को आधार मानकर उस रचना या उस कवि की कृतियों का काव्यशास्त्र अध्ययन किया जा सकता है। जैसे– संस्कृत साहित्य के शोधार्थियों के लिए अनुकूल शोध विषय–अंबिकादत्त व्यास कृत शिवराज विजयरू रस सिद्धांत, रामायण में बिंब विधान, इसी प्रकार हिंदी साहित्य के क्षेत्र में धर्मवीर भारती के काव्य मैं पति की योजना, बिहारी सतसई में वक्रोक्ति, साकेत में बिंब विधान आदि। काव्य शास्त्रीय शोध की पद्धति सामान्य शोध पद्धति से भी नहीं है यह भी तथ्य संकलन, वर्गीकरण, विश्लेषण और निष्कर्षण की प्रक्रियाओं पर आश्रित हैं।

भाषा वैज्ञानिक शोध

भाषा और विज्ञान इन दो शब्दों के योग से भाषा विज्ञान नाम निष्पन्न हुआ है। भाषा विज्ञान भाषा का वैज्ञानिक अध्ययन प्रस्तुत करता है। भाषा वैज्ञानिक शोध पद्धति यह शोध की शास्त्रीय पद्धति है। इसके अंतर्गत भाषा की संरचना का अध्ययन और विश्लेषण किया जाता है।[9]

डॉ. श्यामसुंदर दास – भाषा विज्ञान और शास्त्र को कहते हैं जिसमें भाषा शास्त्र के विभिन्न अंगों और स्वरूपों का विवेचन तथा निरूपण किया जाता है।[10]

डॉ. देवेंद्र नाथ शर्मा ने भाषा विज्ञान की भूमिका में पृष्ठ 176 पर लिखा है कि भाषा विज्ञान का सीधा अर्थ भाषा काविज्ञान और विज्ञान का अर्थ विशिष्ट ज्ञान। इस प्रकार भाषा का विशिष्ट ज्ञान भाषा विज्ञान कहलाएगा। जिसके अंदर भाषिक अध्ययन के सभी पक्ष और पद्धतियां समाविष्ठ है।

भारत में भाषा शास्त्रीय चिंतन का विकास वैदिक काल से ही हो गया था। वेदों के उपरांत छरू वेदांगों – शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छंद और ज्योतिष में से शिक्षा, व्याकरण और निरुक्त का सीधा संबंध भाषा विज्ञान से है। शिक्षा का संबंध ध्वनि विज्ञान से है। शिक्षा वेदांग में

स्वरों और व्यंजनों के उच्चारण का बोध कराया गया है।' व्याकरण" नामक वेदांग में पद विज्ञान और वाक्य विज्ञान पर प्रकाश डाला गया है तथा निरुक्त में शब्दों की व्युत्पत्ति का विवेचन है। वेदांगों के अतिरिक्त भाषा विज्ञान के विकास में योगदान देने वाले ग्रंथ प्रतिशाख्य हैं।

संस्कृत विश्व की सर्वाधिक वैज्ञानिक भाषा है। यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि भारत के प्राचीन व्याकरण आचार्यों की तुलना में यूनान के प्राचीन भाषा शास्त्रियों का चिंतन पर्याप्त अविकसित और अवैज्ञानिक था। इस तथ्य की पुष्टि जैस्पर्सन के निम्नलिखित कथनों से होती है–

"Science presupposes careful observation and systemetion on Language, we find very little. The earliest masters in linguistic observation and classification are that old Indian Grammarians."

अर्थात् विज्ञान की प्रार्थना आवश्यकता है तथ्यों का शतक निरीक्षण और व्यवस्थित वर्गीकरण, जिसका भाषा के विषय में लिखने वाले यूनानी यों में बहुत ही कम अंश है। मासिक निरीक्षण और वर्गीकरण के क्षेत्र में तो भारत के प्राचीन वैयाकरणिक ही सबसे पहले मर्मज्ञ थे।[11]

भारत में संस्कृत, ग्रीक, लैटिन आदि प्राचीन भाषाओं की तुलना को ध्यान में रखकर सर विलियम जोंस ने जिस तुलनात्मक भाषा विज्ञान का सूत्रपात किया था। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विशप कोल्ड वेल जिन्होंने 1856 में द्रविड़ भाषाओं का तुलनात्मक व्याकरण लिखा। इनके बाद जॉन बीम्स आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं का तुलनात्मक अध्ययन कर व्याकरण लिखा। इनके बाद जॉन बीम्स ने आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं का तुलनात्मक अध्ययन कर व्याकरण लिखा। इस प्रकार भारतीय वैज्ञानिकों की सुधीर की परपरा में हिंदी तथा हिंदी की विभिन्न बोलियों के संबंध में डॉ. बाबूराम सक्सेना, डॉ. सुनीति कुमार चटर्जी, श्री कामता प्रसाद गुरु, आचार्य केशवदास वाजपैई, डॉ. भोलानाथ तिवारी आदि ने अहम भूमिका निभाई। भाषा वैज्ञानिक शोध तीन प्रमुख धुरियों के आस–पास टिका हुआ है।

- एक किसी भी भाषा का वर्णनात्मक ऐतिहासिक अध्ययन केवल भाषा से संबंधित होता है क्योंकि यह प्रदत्त समय पर होता है, ऐतिहासिक अध्ययन भाषा या भाषाओं के समूह के इतिहास और उसमें क्या कुछ संरचनात्मक बदलाव आए हैं, इनसे संबंधित होता है।
- सैद्धांतिक और अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान किसी भाषा के चित्रण हेतु ढांचा सर्जन के साथ–साथ भाषा के सार्वभौम पहलुओं के बारे में सिद्धांतों से संबंधित होता है, दूसरी तरफ अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान क्रिया पारस्परिक क्रिया का भाषा विज्ञान है तथा यह अपने आप में ही एक विषय क्षेत्र है।
- प्रासंगिक और स्वतंत्र भाषा विज्ञान – प्रासंगिक भाषाविज्ञान इस बात से संबंधित होता है की भाषा किस तरह विषय में उपयुक्त बैठती है, इसके विपरीत स्वतंत्र भाषा में भाषाओं पर उनके अपने लिए और भाषा से संबंधित बाह्यताओं के बगैर विचार किया जाता है।[12]

भाषा वैज्ञानिक अध्ययन के चार प्रमुख पद्धतियां है – वर्णात्मक, ऐतिहासिक, तुलनात्मक और प्रायोगिक[13]

1. वर्णात्मक –

किसी भाषा के किसी एक समय में प्राप्त स्वरूप का ध्वनि, पद, वाक्य एवं अर्थ की दृष्टि से किया गया भाषिक अध्ययन ही विवरणात्मकध्वर्णात्मक अध्ययन कहलाता है। आचार्य पाणिनी को अष्टाध्यायी इस पद्धति का उत्तम उदाहरण है।[14]

2. ऐतिहासिक

ऐतिहासिक भाषा विज्ञान में यह पता लगाया जाता है कि किसी भाषा में समयानुसार कई बार सदियों के बाद और कई बार स्थान विशेष के बाद कैसे बदलती है। भारतवर्ष में एक कहावत प्रसिद्ध है –

"कोस कोस पर बदले पानी चार कोस पर वाणी"[15]

देश में हर कोस की दूरी पर पानी का स्वाद बदल जाता है और चार कोस पर भाषा अर्थातरू वाणी भी बदलती है। इसी दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए ऐतिहासिक पद्धति के द्वारा किसी भाषा के प्राचीन से लेकर अर्वाचीन काल तक के काल क्रमिक विकास का ध्वनि, शब्द, वाक्य, अर्थ आदि सभी भाषिक घटकों की दृष्टि से क्रम बद्ध अध्ययन किया जाता है। ऐतिहासिक पद्धति से किसी भाषा की संरचना में विभिन्न कालों में घटित घटिया परिवर्तनों को भली–भांति समझा जा सकता है। ऐतिहासिक पद्धति का मूल आधार भी वर्णात्मक पद्धति है। भाषा परिवारों के ऐतिहासिक विकास का अध्ययन भी ऐतिहासिक पद्धति से किया जाता है।

3. तुलनात्मक पद्धति

तुलनात्मक भाषा वैज्ञानिक अध्ययन में किसी एक ही भाषा परिवार की दो या दो से अधिक भाषाओं के ध्वनि, शब्द, वाक्य, अर्थ के आधार पर संरचनात्मक तुलना की जाती है। यह तुलनात्मक अध्ययन भाषाओं के प्राचीन एवं अर्वाचीन रूपों का भी हो सकता है। तुलनात्मक पद्धति से भाषाओं के संरचनात्मक साम्य– वैषम्य का बोध होता है। भाषाओं के पारिवारिक वर्गीकरण का आधार वास्तव मैं तुलनात्मक अध्ययन ही है।

4. प्रायोगिक पद्धति

वर्तमान काल में भाषा शिक्षण मैं प्रायोगिक पद्धति अत्यधिक उपयोग में लाई गई है। कुछ दशकों में यूरोप, जापान, अमेरिका आदि में बहुत लोकप्रिय सिद्ध हुई है। नूतन भाषा शिक्षण के लिए भाषा शिक्षण प्रयोगशाला का उपयोग किया जाता है। प्रयोगशाला में ग्रामोफोन, रेडियो, टेलीविजन, टेप रिकॉर्डर, सुर विश्लेषक आदि शिक्षण मंत्रों की सहायता से भाषा सिखाई जाती है। किसी क्षेत्र की विशिष्ट बोली की शब्दावली के अर्थ वैज्ञानिक अध्ययन के माध्यम से उस क्षेत्र के संस्कृति का प्रामाणिक अध्ययन प्रस्तुत किया जा सकता है।

शैली वैज्ञानिक शोध[16]

शैली और विज्ञान, जिसका शाब्दिक अर्थ होता है शैली का विज्ञान अर्थातरू जिस विज्ञान में शैली का वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित रूप में अध्ययन किया जाए वह शैली विज्ञान है।

शैली विज्ञान भाषा विज्ञान एवं साहित्य शास्त्र दोनों की सहायता लेता हुआ भी दोनों से अलग स्वतंत्र विज्ञान है। शैली विज्ञान एक और भाषा शैली का अध्ययन साहित्य शास्त्र के सिद्धांतों के आधार पर करता है जिसमें रस, अलंकार, ध्वनि, रीति, वक्रोक्ति, शब्द शक्ति, गुण, दोष, प्रतीक वृति आदि आते हैं वहीं दूसरी ओर शैली विज्ञान के अंतर्गत भाषा शैली का अध्ययन भाषा विज्ञान के सिद्धांतों के आधार पर किया जाता है जिसमें भाषा की प्रकृति और संरचना के अनुशीलन को महत्व दिया जाता है।

शैली विज्ञान के अध्ययन की मुख्यतः दो धाराएं प्रचलित है –

1. साहित्य शास्त्र के आधार पर

इसमें किसी कवि, कृति या लेखक की शैली का वैज्ञानिक अध्ययन किया जाता है यथा – अलंकार, रस, रीति, गुण दोष, वक्रोक्ति, वृत्ति प्रवृत्ति, छंद बिंब आदि के आधार पर देखा जाता है कि लेखक या कवि ने साहित्य शास्त्र के सिद्धांत का अनुसरण करते हुए अपनी कृति की रचना की है या नहीं। इस प्रकार का अध्ययन साहित्य शास्त्र के क्षेत्र की विषय वस्तु मानी जा सकती है।[17]

2. भाषा विज्ञान के आधार पर

किसी कवि या रचना में प्रयुक्त भाषा की प्रकृति और संरचना के तत्वों का वैज्ञानिक विश्लेषण करते हैं। प्रकृति की संरचना के आधार पर भाषा के पांच तत्वों – ध्वनि, शब्द, रूप, वाक्य और अर्थ के आधार पर देखा जाता है कि कवि की भाषा में कहां ध्वनि चयन, ध्वनि विचलन, ध्वनि समानांतर किया गया हैद्य इसी प्रकार शब्द स्तर, रूप स्तर, वाक्य स्तर एवं अर्थ के स्तर पर अध्ययन किया जा सकता है। वाक्यों में लोकोक्तियों, मुहावरों के विचलन का भी अध्ययन किया जा सकता है।

पाठानुसंधान

पाठानुसंधान में जब किसी कृति कार की 100 हस्तलिखित मूल पांडुलिपि उपलब्ध नहीं होती तथा समकालीन या परवर्ती प्रतिलिपिकारों के द्वारा तैयार की गई मूल पांडुलिपि की प्रतिलिपि यही प्राप्त होती है। आदर्श प्रतिलिपि वही मानी जाती है जो मूल पांडुलिपि की अक्षरशरू शुद्ध नकल हो। इसके लिए प्रतिलिपि कार में भाषा और विषय की गंभीर जानकारी भी अपेक्षित मानी गई है।

पाठानुसंधान का कार्य अन्य प्रकार के शोध कार्यों से स्वरूपतरू भिन्न होने के कारण शोधक में भी भिन्न प्रकार की प्रतिभा की क्षमताओं के अपेक्षा करता है। यह कार्य स्थाई महत्व का है जो अनेक भावी अनुसंधानों के लिए मूल्यवान शोध्य सामग्री प्रस्तुत करता है। इससे एक तिरोहित होती रचना का उद्धार होता है तथा विलुप्त होता हुआ रचनाकार प्रकाश में आता है । अतः यह कार्य ऐतिहासिक महत्व का है।[18]

निष्कर्ष

निष्कर्ष रूप में हम यह कह सकते हैं कि साहित्यिक शोध के विभिन्न आयामों, पद्धतियों के माध्यम से अनुसंधानकर्ता को शोध के लिए नए विषय के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने और शोध प्रविधि का चयन करने में सहायता प्राप्त होगी। साथ ही साहित्यिक शोध का मनोविज्ञान, राजनीतिक शास्त्र, सौंदर्यशास्त्र, दर्शन आदि अन्य दृष्टियां भी यथा स्थान अभिव्यक्ति का माध्यम

होती है। इस प्रकार शोधक कृति में निहित समग्र जीवन दर्शन को भी अपने शोध का आधार बना सकता है और किसी एक दृष्टि को भी।

सन्दर्भ ग्रन्थ–सूची :–

1. साहित्य दर्पण प्रथम परिच्छेद
2- https://testbook-com
3. Hindi Chetan Bharti An Educational Blog.
4. शोध प्रविधि – डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा – हरियाणा साहित्य अकादमी पंचकुला
5. शोध प्रविधि – डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा – हरियाणा साहित्य अकादमी पंचकुला
6. शोध प्रविधि – पेज न. – 57
7. hi-m-wikipedia-org
8. शोध प्रविधि – पेज न. – 61
9- hi-m-wikibooks-org
10. हिंदी व्याकरण और भाषाविज्ञान डॉ. ज्ञानशंकर पाण्डेय– रवि प्रकाशन सी– 217 निरालानगर लखनऊ
11. शोध प्रविधि – पेज न. – 65
12. ब्रजेश प्रियदर्शी – भाषा विज्ञान के क्षेत्र में रजगार के अवसर
13. शोध प्रविधि – डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा – हरियाणा साहित्य अकादमी पंचकुला
14. शोध प्रविधि – डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा – हरियाणा साहित्य अकादमी पंचकुला
15- https://hi-quara-com
16. hi-m-wikipedia-com
17. शोध प्रविधि – डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा – हरियाणा साहित्य अकादमी पंचकुला
18. शोध प्रविधि – पेज न. – 82
19. भाषा अनुसन्धानः सांस्कृतिक सन्दर्भ– डॉ. गोरख काकडे सरस्वती भुवन कला, वाणिज्य महाविद्यालय, औरंगाबाद
20. भाषा वैज्ञानिक अनुसन्धान और सामाजिक उपादेयता – डॉ. वसंत मोरे

पवित्रता की प्रतीक मां गंगा को अविरल निर्मल एवं स्वच्छ बनानें में युवाओं की भूमिका

इंदुजा दुबे

शोध छात्र संस्कृत विभाग
महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय,
चित्रकूट, सतना (मध्य प्रदेश)

डॉ अतुल कुमार दुबे

असिस्टेंट प्रोफेसर,
विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग
हर्ष विद्या मंदिर पी.जी. कॉलेज,
रायसी, हरिद्वार (उत्तराखंड)

गायत्री छन्दसां माता, लोकस्य जहान्वी।
उभेते सर्वपापानां, नाशकारणतां गते।।

शोध सारांश– गायत्री वेदों की माता और लोकमाता गंगा जी हैं, ये दोनों सब पापों का नाश करने वाली हैं। गंगा महज एक नदी ही नहीं है, इसको हम माँ ऐसे ही नहीं मानते यह भारत की पहचान है एवं करोड़ों लोगों की जिसमे भारतीय ही नहीं वरन विदेशी नागरिकों की आस्था का केंद्र भी है। प्रारंभ में हिमालय से दो नदियाँ अलखनंदा व भागीरथी निकलती हैं। अलखनंदा की सहायक नदी धौलीगंगा, विष्णुगंगा तथा मन्दाकिनी हैं। भागीरथी गोमुख नामक स्थान से 25 किमी० लम्बे गंगोत्री हिमनद से निकलती है। भागीरथी और अलखनंदा देव प्रयाग में आकर मिलती है और यहाँ से आगे का सफर गंगा के नाम से होता है। हरिद्वार में पहली बार गंगा पहाड़ से निकालनें के बाद मैदानी क्षेत्र में प्रवेश करती है। मैदानी इलाके से होकर बहती हुई गंगा बंगाल की खाड़ी में बहुत सी शाखाओं में विभाजित होकर मिलती है। गंगा और बंगाल की खाड़ी के इस मिलने वाले स्थान को सुंदरवन के नाम से भी जाना जाता है। जो विश्व की बहुत सी प्रसिद्ध वनस्पतियों और बंगाल टाइगर का निवास स्थान भी है।

गंगाजल पवित्रता का प्रतीक है हमारे पवित्र ग्रन्थ और महापुरुषों ने भी गंगा की गुणवत्ता का बखान किया है। भारत ही नहीं, और केवल हिन्दू धर्म में ही नहीं, अपितु अनेक धर्म और देशों के धर्मात्मा विद्वानों ने भी गंगाजल के अध्यात्मिक गुण और प्रभावों की गाथा गाई है। जिस स्थान से गंगा उद्गम हुआ है, वह उन ऋषि–महात्माओं के तपोभूमि है, जो भारत ही नहीं वरन

विश्व की आध्यात्मिक चेतना के सूत्रधार हैं। निस्संदेह उस स्थान की आध्यात्मिक चेतना गंगाजल के साथ प्रवाहित होती है।

महर्षि भागीरथ ने अपने प्रचंड तप से जिस भागीरथी को स्वर्ग से उतरकर धरती पर प्रवाहित होने के लिए राजी किया था, वह तब से लेकर अब तक अनगिनत लोगों का उद्धार करती आ रही है। गंगा एक धारा ही नहीं अपितु सम्पूर्ण भारत की जीवनधारा अर्थात जीवनरेखा है, जो लगभग आधे देश को पोषण प्रदान करती है। हमारे धर्म अलग हो सकते है, संप्रदाय अलग हो सकते हैं, हमारी सोच अलग हो सकती है लेकिन हम सभी का उद्देश्य एक ही है की किसी भी तरह माँ गंगा को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। हम युवाओं को गंगा को अविरल और निर्मल करने बनाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी ही होगी नहीं तो हमारी आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी।

प्रस्तुत शोध पत्र में प्राचीन भारत में गंगा के उद्‌गम स्थान और समय से लेकर हमारे वेदों में, पुराणों में, महाभारत आदि में जल एवं प्रकृति प्रदत्त निशुल्क प्राकृतिक संसाधनों का क्या महत्व है का वर्णन किया गया है। इसके आलावा अभी की स्थिति का संक्षेपतः अध्ययन एक ऐतिहासिक परिप्रेक्ष में करते हुए आज के समय में हम युवाओं की क्या भूमिका गंगा को बचाने में हो सकती है, और माँ गंगा के प्रति हमारी संवेदना कैसी होनी चाहिए, एक माँ को अपनी संतान से क्या अपेक्षाएं होती है इन्हीं सब बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए इस शोध पत्र को लिखने का प्रयास किया गया है।

आपो हिस्ठा मयोभुवस्था न ऊर्जे दधातन महे रणाथ चक्षसे।।

भावार्थ– हे जल! आपकी उपस्थिति से वायुमंडल बहुत तरोताजा है, और यह हमें उत्साह और शक्ति प्रदान करता है। आपका शुध्द सार हमें प्रसन्न करता है, इसके लिए हम आपका आदर करते हैं।

आयुर्वेद में गंगाजल को शारीरिक और मानसिक रोगों का निवारण करने वाला और आरोग्य तथा मनोबल बढ़ाने वाला बताया गया है।

गंगा वारि सुधा समं बहु गुण पुण्यं सदायुष्करं, सर्व व्याधि विनाशनम् बलकरं वीर्यं पवित्र परम।।
हद्यम दीपन पाचनं सुरुचिरम्मिष्टम् सु पथ्यं लघु–स्वांतध्वान्त निवारि बुद्धि जननं दोष त्रघनं वरंम।।

अर्थात गंगा का जल अमृततुल्य, बहुगुणयुक्त, पवित्र, उत्तम, आयु, को बढ़ाने वाला, सर्व रोगनाशक, बलवीर्य वर्धक, परम पवित्र, हृदय को हितकर, दीपन–पाचन को बढ़ाने वाला, रुचिकारक, मीठा, उत्तम पथ्य होता है तथा लघु और भीतरी दोषों का नाशक, बुद्धि जनक, तीनों दोषों का नाश करने वाला सब जलों में श्रेष्ठ है।

–वांग्मय क्र. 34, प्र. 4.213–216

भगवान के सर्वोत्तम व्यक्तित्व का अपने भक्त के लिए जो प्रसाद है वह है गंगा जलय मन वह जो भगवान के श्री चरणों में निमग्न होय भगवान हरि का वह दिन– एकादशी, ये सब पवित्र हैं और पवित्र करने वाले हैं।

–स्कंद पुराण

"भारत महान है, हिमालय महान है, परन्तु वह क्षेत्र हिमालय में जहाँ गंगा का जन्म हुआ विशेषतः महान है, क्योंकि वह स्थान वह है जहाँ गंगा भगवान् के चरणों में रहती है।"

–स्कंद पुराण

गंगा एवं हिमालय एक दुसरे से अविछिन्न रूप से जुड़े हैं। देवात्मा हिमालय एवं भागीरथी दोनों का इतिहास जहाँ तक ज्ञात हो पाया है, यही बताता है कि दोनों ने मिलकर श्रष्टि के आदि से अब तक ब्रह्त्तर भारत को सम्रद्ध संपन्न बनाने में नहीं, आस्था उन्नयन में भी महती भूमिका निभाई है। भारतीय संस्कृति का प्रथम मन्त्र गंगा का मन्त्र है। गंगा के किनारे ही पहला मंदिर बना था।

बंगला के प्रसिद्द कवी श्रीयुत द्विजेन्द्रलाल राय ने भारतीय आत्मा की अंतिम श्रध्दा व्यक्त करते हुए भावपूर्ण शब्दों में लिखा है–

परिहरि भव सुख दुःख जे खल, माँ शापित अंतिम शपन।।
वरषि श्रवणे तव जल कल–कल, वरषि सुप्ति मम नयन।।
वरषि शान्तिमम शंकित प्राणे, वरषि अमृत मम अंगे।।
माँ भागीरथी जहान्वी सुरधुनि, माँ कल्लोलिनी गंगे।।

अर्थात, हे कल्लोलिनि गंगे! तुम जन्म–जन्मान्तरों के दुखों को दूर करने वाली हो। अंतिम समय में मेरे शंकित मन और प्राणों को शान्ति और तृप्ति प्रदान करो। अपने अमृतमय जल की हमारे सम्पूर्ण अंगों में वर्षा करो।

कवियों और शास्त्रकारों द्वारा अभिव्यक्त इस श्रद्धा के पीछे कोई निराधार कल्पनाएँ और भावुकता नहीं हो सकतीं। किसी भी तत्व के प्रति हमारी अगाध श्रध्दा उसकी उपयोगिता और वैज्ञानिक गुणों के आधार पर ही हो सकती है। गंगाजल में ऐसे उपयोगी तत्व और रसायन पाए जाते है, जो मनुष्य की शारीरिक विकृतियों को ही नष्ट नहीं करते विशेष आत्मिक संस्कार जाग्रत करने में भी वे समर्थ हैं, इसलिए गंगाजल के प्रति इतनी श्रध्दा हमारे पुराणों, शास्त्रों आदि में हमारे ऋषियों ने व्यक्त की है। वैज्ञानिक परीक्षणों से भी यह बातें अब स्पष्ट होती जा रहीं है।

प्राचीन काल में जब भारत का अरब, मिश्र और यूरोपीय देशों से व्यापार चलता था, तब भी और इस युग में भी सभी देशों के नाविक गंगा की गरिमा और पवित्रता मानते रहे है। डॉ नेल्सन ने लिखा है कि गंगा नदी का जो जल भारत से जहाजों में ले जाते है वह लन्दन पहुँचने तक खराब नहीं होता, परन्तु टेम्स नदी का जो जल लन्दन से जहाजों में भरा जाता है, वह बम्बई पहुँचने के पहले ही खराब हो जाता है।

फ्रांस के प्रसिद्ध डॉ0 डी हेरेल ने जब गंगाजल की इतनी प्रशंसा सुनी तो वे भारत आये और वैज्ञानिक परीक्षण किया। उन्होंने पाया कि इस जल में संक्रामक रोगों के कीटाणुओं को मारने की अदभुत शक्ति है। डॉ हेनकेन आगरा में गवर्नमेंट साइंस डिपार्टमेंट में एक बड़े अफसर थे। प्रयोग के लिए उन्होंने जो जल लिया, वह वह जल वाराणसी के उस स्नान घाट का था, जहाँ बनारस की गन्दगी गंगाजी में गिरती है। परीक्षण से पता चला कि उस जल में हैजा के लाखों कीटाणु भरे पड़े हैं। 6 घंटे तक जल रखा रहा, उसके बाद दुबारा जाँच की गयी तो पाया कि अब उसमे कीड़ा नहीं है, जल पूर्ण शुद्ध है, हैजे के कीटाणु अपने आप मर चुके हैं।

यह घटना अमेरिका के प्रसिद्ध साहित्यकार मार्कट्वेन को आगरा प्रवास के समय ब्योरेवार बताई गयी, जिसका उन्होंने भारत यात्रा–वृतांत में जिक्र किया है। इस प्रयोग का वर्णन प्रयाग

विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र के अध्यापक पंडित दयाशंकर दुबे, एम.ए., एल.एल.बी. नें भी अपनी सुप्रसिद्ध पुस्तक 'श्री गंगा रहस्य' में किया है।

बर्लिन के सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ0 जे. ओलिवर ने तो भारत की यमुना, नर्मदा, रावी, ब्रहम्मपुत्र, आदि अनेक नदियों की अलग अलग जाँच करके उनकी तुलना गंगाजल से की और बताया कि गंगा का जल न केवल इन नदियों की तुलना में श्रेष्ठ है, वरन संसार की किसी भी नदी में इतना शुध्द कीटाणुनाशक और स्वास्थ्यकर जल नहीं होता।

"यदि एक जीव एक तरफ तपस्या से, त्याग से, बलिदान से, जिसकी प्राप्ति में समर्थ है, तो दूसरी तरफ निस्संदेह केवल भागीरथी–गंगा के किनारे रहने और स्नान करने मात्र से वह प्राप्त होता है।"

महाभारत, अनुशासन पर्व, अध्याय 27, श्लोक 26

